चैत्र शुक्ल पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 305 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
21 अप्रैल 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
37 अधिकतम
24 न्यूनतम


Page- 7

### रांची में राहुल समेत कई दलों के नेता एक मंच पर
# इंडिया गठबंधन का बड़ा उलगुलान भाजपा ने भी झोंकी चौतरफा ताकत

**नई दिल्ली /भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
आज लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के ठीक पहले वाले संडे का सियासी दल जमकर फायदा उठाने के लिये दौडधूप कर रहे हैं। इसके लिये भाजपा कांग्रेस सपा आदि के तमाम नेता दौरे सभा व रोड शो कर रहे हैं। इस कड़ी में रांची में हो रही विपक्ष की रैली को उलगुलान न्याय रैली नाम दिया गया है। उलगुलान का अर्थ क्रांति या बड़ा संघर्ष होता है। रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू प्रसाद, फारूक अब्दुल्ला, अखिलेश यादव हिस्सा ले रहे हैं। शराब नीति कांड में तिहाड़ जेल में कैद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर हैं। खास बात यह है कि कुछ ही दिन पहले इन सभी नेताओं ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर भी संयुक्त रैली की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज कटिहार में सभा कर रहे हैं वे शाम को सिलचर में रोड शो करेंगे ।



### राहुल का सतना दौरा ऐन वक्त पर टला
कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का सतना दौरा आज एन वक्त पर निरस्त हो गया है। उनकी आज सभा की पूरी तैयारी थी। अब कांग्रेस अधयक्ष मिल्लकाजुर्न खरगे सतना पहुंच रहे हैं जहां वे सभा लेंगे। इधर तिपक्ष उमंग सिंघार के मुताबिक, राहुल का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उनका दौरा रद्द किया गया है।

### आप का आरोप, केजरी को मारने की साजिश
आज सुबह आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची जा रही है. उन्हें शुगर होने के बावजूद इंसुलिन का इंजेक्शन नहीं दिया जा रहा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, न केवल भारत में, बल्कि अंतराष्ट्रीय मीडिया भी देख रही है कि कैसे केंद्र सरकार एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को मारने की साजिश रच सकती है. तिहाड़ जेल के डीजी ने कल एम्स को लिखा कि हमें एक डायबिटोलॉजिस्ट (मधुमेह रोग के विशेषज्ञ) की जरूरत है। इसने भाजपा को पूरी तरह बेनकाब कर दिया। भारद्वाज ने कहा, जेल में एक सामान्य डॉक्टर मौजूद हैं। मुझे नहीं पता कि वह वहां कैसे नियुक्त किए गए हैं, केजरीवाल का पक्ष है कि उन्हें 20 साल से डायबिटीज है और गत 12 वर्षों से इंसुलिन पर हैं। वह रोज 50 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इंसुलिन से ही उनकी डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है।



## भावी अफसरों के बीच सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूपीएससी के लिए मध्यप्रदेश से चयनित होने वाले सफल विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक समय था जब कोचिंग के लिए विद्यार्थी दिल्ली जाते थे। अब मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान से कहीं से भी अपनी परीक्षा की तैयारी कर विद्यार्थी चयनित हो रहे हैं, जो पारदर्शिता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने आज संघ लोक सेवा आयोग के चयनित मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों के विद्यार्थियों को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सम्मानित किया।

### मप्र में जारी घमासान
आज मप्र में भी प्रचार तेज है। भाजपा नेता प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर हैं। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा, सागर, छतरपुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा खजुराहो लोकसभा के चंदला और राजनगर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विदिशा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह टीकमगढ और सतना, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद टीकमगढ में हैं। न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा भिण्ड लोकसभा क्षेत्र पहंचे हैं तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी नरसिंहपुर, रायसेन के प्रवास पर हैं।

# अगले दौर के पहले नए ठौर की तलाश!
### मप्र में नेताओं की नाराजगी, अनमनापन दलों का नया टेंशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण सियासी परिस्थितियों और पहले चरण का वोटिंग ट्रेंड देखकर भाजपा व कांग्रेस के लिये 'तनाव' पैदा कर रहा है। इसके चलते 26 अप्रैल को मतदान के पहले सियासी तौर पर कुछ नये घटनाक्रम सामने आने का अंदेशा भी बन रहा है। इनमें दलबदल को लेकर अंदरखाने कई तरह के प्रयासों के संकेत मिल रहे हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उसमें सतना, टीकमगढ, दमोह, खजुराहो, रीवा, होशंगाबाद व बैतूल शामिल हैं। हालांकि सभी पर भाजपा का ही कब्जा है फिर भी सतना में भाजपा इसलिये टेंशन में हैं, क्योंकि उसके उम्मीदवार गणेश सिंह चार महीने पहले विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं, वहीं बसपा से नारायण त्रिपाठी के मैदान में होने से भाजपा को ब्राह्मण वोट बिखरने का अंदेशा है,हालांकि राजाराम त्रिपाठी को कांग्रेस से यहां लाकर भरपाई की कोशिश जारी है। मगर वरिष्ठ विधायक नागेंद्र सिंह के नाराज होने की खबरों से भाजपा में चिंता है। कांग्रेस उम्मीदवार सिध्दार्थ कुशवाह के सामने खोने के लिये कुछ नहीं हैं, क्योंकि वे विधायक है। इसी तरह रीवा में भाजपा ने फिर जनार्दन मिश्रा और बैतूल से दुर्गादास उइके को टिकट दिया है। जर्नादन के लिये भी जातिगत समीकरण के तहत कांग्रेस ने नीलम मिश्रा को बतौर उम्मीदवार उतारा है।





लिहाजा कांग्रेस को मुकाबला रोचक बनने की उम्मीद है। इधर होशंगाबाद लोकसभा सीट से दर्शन सिंह के लिये पीएम मोदी ने सभा की है। खजुराहो में कांग्रेस व सपा के वाकओवर से मुकाबला एकतरफा है,और भाजपा के वीडी शर्मा की बडी जीत की जमीन तैयार कर रहा है।

### दूसरे से कम, तीसरे से उम्मीद
*खास बात यह है कि कांग्रेस को अंदरखाने दूसरे से ज्यादा तीसरे चरण के मतदान में उम्मीदें हैं, क्योंकि इनमें मुरैना, भिंड व ग्वालियर शामिल हैं। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बढत मिली है। मुरैना में कांग्रेस विस चुनाव में 51694 वोट से आगे रही तो भिंड में 6904 व ग्वालियर में 23250 से आगे थी। इसीलिये चंबल मुरैना के वरिष्ठ नेता रामनिवास रावत के भाजपा में जाने की अटकलों से कांग्रेस परेशान हैं।*

### पुलिया से घाटी में गिरा हार्वेस्टर दो मौत अन्य की तलाश



**जबलपुर।** आज सुबह बलपुर-कुंडम बघराजी मार्ग के करनपुरा में एक हार्वेस्टर पुलिया से नीचे घाटी में गिर गया। हार्वेस्टर में तीन लोग सवार थे। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति हार्वेस्टर के नीचे दब गया था जिसे किसी तरह रेस्क्यू करके निकाल लिया गया। वह बुरी तरह घायल था। पुलिस को घायल व्यक्ति ने बताया कि तीन लोग हार्वेस्टर में और थे। पुलिस को आशंका है कि तीन अन्य लोग हार्वेस्टर में सवार थे जिसके बाद उनकी खोजबीन की जा रही है। कुंडम थाना क्षेत्र की पुलिस ने तत्काल राहत और बचाव कर शुरू किया ।मौके पर क्रेन जेसीबी और हाइड्रा की मदद से पुलिया से नीचे गिरे हार्वेस्टर को निकालने का काम किया जा रहा है एडिशनल एसपी प्रदीप शिंदे ने बताया कि सुबह करीब 8.00 बजे कुंडम से बघराजी डैम के पास घाटी वाले इलाके में यह हादसा हुआ।

### आज का कार्टून




# योग गुरू को झटके पर झटके, अब सर्विस टैक्स का नया फटका

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
योग गुरु स्वामी रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से अब नया झटका लगा है। उनके योग शिविर सर्विस टैक्स के दायरे में आ गए हैं। रामदेव के योग शिविरों का आयोजन करने वाली संस्था 'पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट' अब सर्विस टैक्स यानी सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एम ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस सिलसिले में सर्विस टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा है। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को आवासीय और गैर-आवासीय दोनों योग शिविरों के आयोजन के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान अनिवार्य बताया था। दरअसल पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट स्वामी रामदेव के योग शिविरों के लिए प्रवेश शुल्क लेती है। पीठ ने अपने फैसले में कहा, सर्विस टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने सही कहा है. प्रवेश शुल्क लेने के बाद तो शिविरों में योग एक सेवा (सर्विस) है. हमें ट्रिब्यूनल के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से जुर्माना और ब्याज समेत अक्टूबर 2006 से मार्च 2011 के दौरान लगाए गए ऐसे शिविरों के लिए लगभग 4.5 करोड़ रुपये अदा करने को कहा था। मगर ट्रस्ट ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो बीमारियों के इलाज के लिए है और यह 'हेल्थ एंड फिटनेस सर्विस' कैटेगरी के तहत टैक्स योग्य नहीं है।

### प्रवेश शुल्क को कर योग्य माना





# डिप्लोमेसी का नया दौर जून में जल्द शपथ लेगी सरकार !

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
इस बार आम चुनाव के तुरंत बाद ग्लोबल डिप्लोमेसी का ऐसा दौर शुरू होने वाला है कि इसका असर नई सरकार के गठन की तारीख पर भी दिख सकता है। दरअसल अगर नरेंद्र मोदी की अगुआइ में एनडीए चुनाव में जीत हासिल करता है तो 4 जून के तुरंत बाद शपथ ग्रहण और मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है। दरअसल, 12 जून से 17 जून के बीच देश के पीएम को दो बड़े ग्लोबल इवेंट में भाग लेना है। 13 जून से 15 जून के बीच इटली में जी 7 समिट होना है। अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैंड, इटली, जर्मनी, जापान और कनाडा वाले जी में भाग लेने के लिए मेजबान इटली ने भारत को बतौर विशेष प्रतिनिधि आमंत्रित किया है। ऐसे में भारत ऐसे अहम ग्लोबल मंच पर भागीदारी से परहेज करना नहीं चाहेगा। इसके तुरंत बाद 16 जून से स्विटजरलैंड में रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच शांति की पहल को लेकर एक बड़ी ग्लोबल मीटिंग प्रस्तावित है। भारत को इसमें भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत इसमें भाग लेने को इच्छुक भी है। कुल मिलाकर, 12 जून से एक हफ्ते से अधिक के सक्रिय ग्लोबल इवेंट को देखते हुए 4 जून को चुनाव परिणाम सामने आने के बाद नई सरकार के गठन में तेजी देखने को मिल सकती है। पिछली बार 2019 में 23 मई को चुनाव परिणाम आया था और नरेंद्र मोदी की अगुआई में सरकार ने परिणाम के एक हफ्ते के बाद 30 मई को शपथ ली थी।

**मेट्रो एंकर** — खराब प्रदर्शन पर किया था व्यंग्य, अब तक नहीं जीत सकी गोयनका की टीम
# धोनी को नीचा दिखाने वाला मालिक भुगत रहा कर्मों का फल!

**दिल्ली, एजेंसी।**
इस आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी ऐसे ब्रांड बने हुए हैं कि वे चाहे जिस टीम के खिलाफ जिस भी शहर में मैच खेल रहे हैं, वहां के लोग अपनी टीम को छोड़ धोनी के समर्थन में नारे लगा रहे है। उनके मैदान में कदम रखते ही सिर्फ धोनी-धोनी की आवाज सुनाई देती है और शोर का मीटर पीक पर होता है। वे नाकाम होते हैं तो दर्शक भी गम में शामिल हो जाते हैं। मगर दो दशक के करियर में ऐसे कई पल आए, जब उनकी परफॉर्मेंस थोड़ी नीचे गई तो कुछ नामचीन लोगों ने निशाने पर लेने में देर नहीं लगाई मगर अब शायद वे मलाल कर रहे होंगे।



दरअसल एक आपीएल टीम के मालिक के भाई ने जब ऐसा किया था तो धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने खूबसूरती से जवाब देकर कर्म की बात कही थी। किस्सा 2017 का है, तब राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स ने धोनी से कप्तानी लेते हुए स्टीव स्मिथ को टीम की कमान थमा दी थी। टीम मालिक संजीव गोयनका के भाई हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर धोनी को नीचा दिखाया। हर्ष ने लिखा ' स्मिथ ने साबित कर दिया कि जंगल का असली राजा कौन है। धोनी को पूरी तरह से पीछे छोड़ दिया। ये कप्तान वाली इनिंग थी। इन्हें कप्तान बनाया जाना बहुत ही अच्छा निर्णय था।' हालांकि बाद में हर्ष ने इसे डिलीट कर दिया, मगर फिर से जब ट्वीट किया, तो उसमें टीम के बैटिंग स्टैट्स के आधार पर टॉप प्लेयर की लिस्ट दिखाई। इसमें धोनी की पोजिशन काफी नीचे थे। जो फिर एमएस के खिलाफ नेगेटिव एटिट्यूड का सबूत था। धोनी खामोश रहे लेकिन साक्षी ने गोयनका को जवाब देते हुए पहले तो चेन्नै सुपर किंग्स की जर्सी में अपनी तस्वीर शेयर की। फिर उन्होंने 'कर्म के नियम' को लेकर लिखा- 'जब चिड़िया जिंदा होती है, तो वो चींटी को खाती है और जब वो मर जाती है तो चींटियां उसे खाती हैं। समय और परिस्थितियां किसी भी समय बदल सकती हैं। कभी किसी को नीचा दिखाने या फिर दुख न पहुंचाएं। ये याद रखें कि समय आपसे भी ज्यादा बलवान होता है, तो अच्छे रहें और अच्छा करें।'



### गीता की सीख को अपनाया
खास बात यह है कि तब धोनी पर तंज कसने वाले हर्ष के भाई की टीम राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स एक भी फाइनल नहीं जीत सकी और ना ही अब तक उनकी नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स कोई ट्रॉफी अपने नाम कर सकी है। वहीं थाला धोनी की कप्तानी में चेन्नै सुपर किंग्स ने 5 ट्रॉफियां खाते में जोड़ी हैं। यानि धोनी ने वही किया, जिसकी सीख गीता में है, कि व्यक्ति को बिना फल की चिंता किए बस कर्म के मार्ग पर चलते रहना चाहिये। वे मेहनत करते गए और अपना 100 प्रतिशत देते रहे। नतीजा सब जानते हैं।

# गर्मी में ९ हजार बार विशेष ट्रेनें चलेंगी, लेकिन किराया भी विशेष ही लगेगा

## भोपाल समेत पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गुजरेंगी इनमें से कई ट्रेनें



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गर्मी के दिनों में रेलवे ने 9 हजार बार विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया हैं लेकिन इनका किराया भी विशेष होगा। अर्थात सामान्य किराये से अधिक राशि खर्च कर रेल टिकट लेने होंगे, तभी इन ट्रेनों में सफर कर सकेंगे। 9 हजार बार चलने वाली विशेष ट्रेनों में से कई भोपाल रेलवे स्टेशर समेत पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गुजरेंगी। रेलवे का कहना है कि रेल टिकटों की अधिक मांग है, जिसे देखते हुए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

रेलवे बोर्ड के अनुसार 2023 की गर्मियों की तुलना में इस बार अधिक मांग है। पिछले साल कुल 6369 बार विशेष ट्रेनें चलाई थीं। जिसमें इस बार 2742 की वृद्धि हुई है। प्रमुख रेल मार्गो पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। समस्त जोनल रेल द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24×7 इनपुट लिए जाते हैं। इस आवश्यकता के आधार पर, ट्रेनों की संख्या और फेरों की संख्या बढ़ाई जाती है। पूरे सीज़न के लिए न तो ट्रेनों की संख्या और न ही अतिरिक्त ट्रेनों द्वारा संचालित फेरों की संख्या स्थिर रहती है।

## राजधानी में तेजी से बस रहे उपनगरों की बड़ी आबादी होती है परेशान

# 'आसपास' के सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की कमी, मरीजों की फजीहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





राजधानी में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी लगातार महसूस की जा रही है। बीस लाख से ज्यादा आबादी का बोझ हमीदिया अस्पताल पर ज्यादा है। शहर के जेपी व काटजू अस्पताल भी मरीजों के बोझ से कई बार चरमराते नजर आते हैं। ऐसी हालत में तेजी से बढते उपनगरों में भी मजबूत सरकारी चिकित्सा सिस्टम की दरकार है।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ साल में भोपाल के आसपास सोनागिरी,अवधपुरी, हथाईखेड़ा तक आबादी व बसाहट बढी है। इसी तरह बैरागढ़ के आसपास तक कालोनियों का जाल बिछा है तो गांधीनगर में भी यही स्थिति बन गई है। बैरागढ़ का सरकारी अस्पताल भी सुविधाओं के मामले में पिछड़ रहा है तो गांधीनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा अभी तक नहीं मिलने से लोगों को परेशान हो रही है। इस क्षेत्र की बढ़ती आबादी के बावजूद चिकित्सकों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इससे मरीजों को प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पा रहा है। मरीज आए दिन परेशान हो रहे हैं। करीब पांच साल पहले इस स्वास्थ्य केंद्र में सात डाक्टर पदस्थ थे। यहां मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तीन अतिरिक्त डॉक्टरों की पदस्थापना करने का प्रस्ताव बनाया गया था, लेकिन पद बढ़ाना तो दूर स्वीकृत पद भी नहीं भरे जा रहे है। वर्तमान में यहां ब्लाक मेडीकल आफिसर सहित मात्र तीन डाक्टर हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 200 मरीज पहुंचते हैं। कई बार उन्हें वापस लौटना पड़ता है। नर्सिंग स्टाफ की भी कमी महसूस की जा रही है। दो साल पहले तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने गांधीनगर अस्पताल को सिविल दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में इसे खारिज कर दिया गया।

### समय पर नहीं आते डाक्टर

गांधीनगर अस्पताल में महिला चिकित्सक की कमी के कारण महिलाओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में सीएमएचओ को भी अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं से अवगत कराया है। हालांकि यह समस्या जेपी अस्पताल में भी है और काटजू अस्पताल में भी बनी हुई है। इसके चलते निजी डाक्टरों के फेरे व ज्यादा फीस भुगतने की मजबूरी लोगों पर आ रही है।

# अग्रवाल महासभा के मुख्य सलाहकार बने गर्ग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा (रजि.) पिछले कई वर्षा से समाज के उत्थान एवं विकास के लिए संकल्पित संस्था है। संस्था द्वारा निरंतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में प्रांतीय अध्यक्ष डी.पी. गोयल (काका जी) ने सुनील गर्ग को महासभा का मुख्य सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल अध्यक्षीय कार्यकाल तक रहेगा। सुनील गर्ग ने अग्रबंधुओं से आग्रह किया है कि हमारे पितृ पुरूष महाराजा श्री अग्रसेन भगवान के आदर्श को अपनाकर हम सब मिलकर समाज को आगे बढाएंग।गर्ग ने कहा कि अग्रबंधु को कोई भी सामाजिक समस्या हो तो निराकरण हेतु हर संभव मदद करने के लिए प्रयत्नशील रहूंगा।

# रोटरी का यूथ लीडरशिप पर एक दिवसीय कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे नर्सिंग के छात्र ,छात्राओं के लिए एक दिवसीय रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड कार्यक्रम अयोजित किया। यह कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तिव विकास ,संवाद कौशल , नेतृत्व गुण संचार कला की वृद्धि केलिए किया जाता है । इसमें रायला मास्टर ट्रेनर धीरेन दत्ता ने केवाईसी बनाम केवाईएस पर व्यखान दिया अन्य विषय विशेषज्ञ सुश्री अल्पना मिश्रा, डॉ पी.के. भागवत एवम् श्रीमती कला मोहन ने छात्रों से सीधा संवाद करते हुवे व्याख्यान दिए तथा टीम बनाकर उनसे प्रेक्टिकल भी कराया । इस प्रोग्राम में सहायक



मंडलायुक्त कुमुद तिवारी निर्वाचित अध्यक्ष मनोज झा श्रीकांत फाटक मानद सचिव प्रखर तिवारी जी. के छिब्बर एवम कॉलेज प्रिंसिपल मौजूद रहे।

# छात्राओं, अभिभावकों के लिए पक्षियों को दाना-पानी जागरुकता सत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल द्वारा पक्षियों को दाना-पानी देने से संबंधित विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत हिरदाराम साहिब जी ,माँ भारती एवं माँ सरस्वती जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई।

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी, को-ऑर्डिनेटर रीटा आहूजा, विद्यालय की शिक्षिकाएँ ,कक्षा पहली की छात्राएँ व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

भाऊजी ने कहा कि पक्षियों को दाना-पानी रखने की आदत आपको अपने बच्चों में बचपन से ही डालनी होगी। फिर धीरे-धीरे यह इनके प्रतिदिन का कार्य हो जाएगा। इस कार्य को करने से इनके अंदर सात्विक व दिव्य गुण आएँगे। इनके मन में पशु-पक्षियों के प्रति करुणा जागृत होगी जिससे ये कभी भी मांसाहार का सेवन नहीं करेंगी एवं बीमारियों से बची रहेंगी।

भाऊजी ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों के साथ समय बिताएँ । गलती करने पर इन्हें प्यार से समझाएँ ,डाँटे नहीं । छोटे बच्चे अपने माता-पिता से बहुत कुछ सीखते हैं इसलिए अपने घर में अच्छा वातावरण बनाएँ , बातचीत में अच्छे शब्दों का प्रयोग करें एवं अपने बड़े -बुजुर्गों से अच्छा व्यवहार करें व अपने बच्चों के सामने मोबाइल का प्रयोग न करें। अपने बच्चों को प्रेम से गले लगाएँ, इससे आत्मीयता व एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है।

कार्यक्रम में विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर सुश्री रीटा आहूजा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका खुशी आहूजा तथा अंत में कंचन लालवानी ने आभार व्यक्त किया गया ।

### बचपन से करूणा के संस्कार रोपित करें पालक:सिद्धभाऊजी




# जीव सेवा संस्थान ने ९ नि:शुल्क प्याऊ का संचालन शुरू किया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जीव सेवा संस्थान हर वर्ष गर्मियों के आगमन के साथ ही भोपाल शहर के निवासियों के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में निश्शुल्क प्याऊ का संचालन करता रहा है। इस वर्ष भी संस्थान द्वारा शहर में 9 निःशुल्क प्याऊ का संचालन शुरू किया गया है।



जीव संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि पानी हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या बढ़ जाती है। इस अभियान के माध्यम से संस्थान शहर के लोगों को स्वच्छ और प्राकृतिक पानी की सुविधा प्रदान करने का पुनीत कार्य कर रहा हैं। यह पहल संस्थान के उद्देश्य को साकार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी स्थापना शहर के नागरिकों के जीवन को सुगम और सुखद बनाने के लिए की गई है। इसी प्रकार हर वर्ष की तरह संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर भी निश्शुल्क प्याऊ के माध्यम से हजारों यात्रियों को रोज शीतल पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह पेयजल अभियान हमारे समाज में पानी के महत्व को साझा करने और लोगों को जागरूक करने का भी एक माध्यम है। जेएसएस ने संत हिरदारामजी साहिब के कुटिया के सामने, संत हिरदाराम नगर थाने के पास, सीहोर नाका गुलाब उद्यान संत हिरदाराम नगर, संत हिरदाराम नगर एम.पी.ई.बी. ऑफिस के सामने, लालघाटी चौराहा (भोपाल), संत आशाराम चौराहा बायपास रोड गांधीनगर, गांधीनगर थाने के पास, भोपाल, गांधीनगर नगर निगम, और गांधीनगर बस स्टैंड प्याऊ स्थापित किए हैं। यह निःशुल्क पेयजल की सेवा पूरे ग्रीष्म काल में प्रतिदिन प्रातः9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक जारी रहेगी।

**मेट्रो एंकर**

## प्राकृतिक चिकित्सा रोग निवारण शिविर में अनुभव सत्र

# सात्विकऔर कम आहार स्वस्थ रहने की गारंटी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



आरोग्य केन्द्र में चल रहे दस दिन रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया। शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने प्रकाश डाला। टेवानी ने बताया कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब , हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से 89 लोग विभिन्न शारीरिक परेशानियों को लेकर आए थे, अब राहत की बात कह रहे हैं।

संत सिद्धभाऊजी ने कहा कि जीवन में अनुशासित दिनचर्या का पालन कर स्वस्थ रहने की कला सीखने और शरीरिक दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर देशभर से 85 से अधिक साधक संतनगर आए हैं। शिविर के समापन से पहले अनुभव सत्र में साधकों ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं सिद्धभाऊ को भी सुना। उन्होंने कहा कि व्यक्ति बीमार इसलिए होता हैं क्योंकि गलत व अधिक आहार का सेवन करता हैं यदि आपको स्वस्थ रहना है तो सात्विक, अपक्क और कम आहार का सेवन करना चाहिए। आहार ऐसा हो जो स्वादिष्ट हो, पौष्टिक हो और सुपाच्य हो। होम्योपैथी का मूल सिद्धांत हैं कि सबसे पहले बीमारी हमारे मन में पैदा होती है, बाद में शरीर पर प्रकट होती हैं, अगर हमारा मन स्वस्थ है तो बीमारी हमेशा दूर रहेंगी तभी हमें हमारे मन को शांत व आनंद में रखना चाहिए। हम अपने विचारों को निर्मल कर स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं।

***इनका हुआ इलाज :*** *डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्रिस, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, फ्रोजन शोल्डर।*

***यह गतिविधियां हुईं :*** *प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला।*

# मोदीजी के लक्ष्य को पूरा करना हर कार्यकर्ता की ड्यूटी:बंसल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा के शक्ति केंद्र की पथ सभा संतनगर मंडल के कोलूखेड़ी में आहूत की गई । पथ सभा में नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में 400 की संख्या के साथ सरकार बनाने और हर बूथ पर शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में कराने का भी संकल्प लिया ।



इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बसंल और विकास मारण ने कहा लोकसभा चुनाव में 400 का लक्ष्य को हासिल करना पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है। देश में मोदीजी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनना तय है। इसके लिए बूथ स्तर पर मजबूती से मतदान का संकल्प कार्यकर्ता को पूरा करना है। नुक्कड़ सभा के आयोजन संत नगर मंडल के वार्ड तीन, चार और पांच के शक्ति केद्रों में हुए। नुक्कड़ सभा को भाजपा के महामंत्री जगदीश यादव, सुशील वासवानी विशेष रूप से उपस्थित हुए। नुक्कड़ सभाओं का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कमल विधानी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा संत नगर मंडल के सभी पदाधिकारी सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी शक्ति केंद्र की टोली बूथ पदाधिकारी बूथ समिति के सदस्य प्रभारी विषय रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को चन्द्रप्रकाश इसरानी ने संबोधित किया।

# केंद्र से टीबी दवाओं की आपूर्ति ठप, राज्य भी नहीं कर पा रहा व्यवस्था

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र से मिलने वाली टीबी दवाओं की आपूर्ति रूक गई है। राज्य भी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जिसके कारण प्रदेश के 70 हजार से अधिक मरीजों के सामने संकट गहरा गया है। इन्हें दवाएं नहीं मिल रही है, खरीदकर खानी पड़ रही है। कुछ मरीजों को बच्चों की टीबी की दवाओं का डोज बढ़ाकर दिया जा रहा है।

### हालत और बिगड़ेंगे

प्रदेश भर में टीबी की दवाएं नहीं है। भोपाल जैसे शहर में टीबी की दवा पर्याप्त नहीं है। बच्चों के डोज की मात्रा बढ़ाकर वयस्कों को दवा देनी पड़ रही है। दूसरे जिलों के हाल तो और भी खराब है। इसके तुरंत असर नहीं दिखते, लेकिन अभी जो मरीज हैं उनसे सामान्य लोग संक्रमित होंगे और भविष्य में टीबी पॉजिटिवों का बड़ा आंकड़ा सामने आएगा।
– **रचना ढींगरा**, सदस्य, भोपाल ग्रुप फॉर इंफार्मेशन एंड एक्शन



## 70 हजार से अधिक मरीजों के सामने संकट

### टेंडर किए, दवा नहीं मिली

मप्र अपने राज्य के मरीजों को टीबी की दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। राज्य ने हेल्थ कार्पोरेशन के जरिए टेंडर लगाएं हैं लेकिन अब तक आपूर्ति नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि दवा मिलने में समय लगेगा। तब तक मरीजों की हालत और गंभीर हो सकती है। इधर राज्य के टीबी अधिकारियों का कहना है कि दवाईयों की कमी है, जिसे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च तक टीबी के करीब 40 हजार से अधिक नए मरीज मिले थे। इसके अलावा पूर्व से इलाजरत 30 हजार से अधिक मरीज हैं। इस तरह 70 हजार से अधिक मरीज है जिन्हें दवा की आवश्यकता है। इनमें से कुछ मरीजों को 6 माह तो कुछ को 9 माह तक दवाईयां दी जानी है लेकिन हाल यह है कि डोज नहीं मिल रहे है। कुछ वयस्क मरीजों को तो बच्चो की टीबी दवाओं का डोज बढ़ाकर दिया जा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि टीबी पॉजिटिव बच्चों के लिए दवाईयों की कमी नहीं है। राज्य टीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चों के लिए जो दवाईयां होनी चाहिए है, वह पर्याप्त मात्रा में हैं। कुछ अस्पतालों में बच्चों की दवा वयस्क को दी जा रही है। भोपाल में ऐसे उदाहरण भी सामने आए हैं। दवा की कमी के लिए राज्य से केंद्र के सेंट्रल टीबी डिविजन को पत्र लिखकर जरुरत की दवाईयां मांगी है।

## छोटी-बड़ी खबरें

### बीयू में नामांकन प्रक्रिया 30 नवंबर तक

**भोपाल.दोपहर मेट्रो।** वर्ततान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में यूजी और पीजी में दाखिला लेने वाले छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट में के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों के नामांकन अब 30 नवंबर तक होंगे। इसी दौरान प्राइवेट तौर पर यूजी और पीजी करने वाले छात्रों को नामांकन कराना होगा। बता दें प्रबंधन ने पहले इसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर घोषित की थी, लेकिन आखिरी तारीख तक कई विद्यार्थियों के नामांकन नहीं हुए, इसी को ध्यान में रखते हुए बीयू ने तारीख बढ़ाई है।

### नाट्य विद्यालय में 25 तक ले सकते हैं प्रवेश

**भोपाल.दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल (राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर से सम्बद्ध) द्वारा नाट्य विधा में प्रशिक्षण के लिए दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच पाठ्यक्रम में सत्र 2024-26 में प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक को एमपी. ऑनलाइन पोर्टल पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा 25 अप्रेल 2024 तक पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा।

### यूजी कोर्स में परीक्षा फॉर्म की तारीख बढ़ी

**भोपाल.दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने यूजी कोर्स के परीक्षा फॉर्म जमा करने की तारीख एक बार फिर बढ़ाई है। आवेदन की आखिरी तारीख 29 अप्रेल है। इससे पहले 24 अप्रेल तक आवेदन किए जाने थे। इसके बाद 30 अप्रेल से तीन मई तक 300 रुपए लेट फीस के साथ आवेदन होंगे। छात्र-छात्राएं बीकॉम बीए, बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीबीए और बीसीए के लिए परीक्षा आवेदन कर सकते हैं।

### बीपीईएस के लिए आवेदन 23 तक

**भोपाल.दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) से संबंध कॉलेजों के बीपीईएस प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थी 23 अप्रेल तक पूरक परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं विशेष विलंब शुल्क एक हजार रुपए के साथ 27 अप्रेल से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष विलंब शुल्क चार हजार रुपए देकर भी परीक्षा में शामिल हो सकते है।

### बीपीईएस की परीक्षा के आवेदन 22 अप्रैल तक

**भोपाल।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) की बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) की परीक्षा के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 22 अप्रैल है। बीपीईएस के पहले वर्ष पूर्व छात्र, दूसरे वर्ष पूर्व छात्र और तीसरे वर्ष नियमित व पूर्व छात्र सामान्य फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं। वहीं कॉलेजों द्वारा 23 अप्रैल तक विवि में आवेदन जमा करने होंगे। इसके बाद 300 रुपए लेट फीस लेना होगी।

### मुरैना, ग्वालियर, बैतूल जैसी 9 लोकसभा सीटों पर 7 मई को होगा मतदान

# 9 लोकसभा सीट पर लड़ेंगे 140 उम्मीदवार, 13 के नामांकन फेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश की मुरैना, ग्वालियर व बैतूल जैसी 9 लोकसभा सीट पर 140 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। इनके नामांकन सही पाए गए हैं तो वहीं 13 के नामांकनों में कमी के चलते उन्हें निरस्त कर दिया है। हालांकि अभी इनमें से कुछ प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों पर तीसरे चरण में 7 मई को वोट पड़ने हैं।**






मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक मुरैना में 16 अभ्यर्थी, भिंड (अजा) में 8 , ग्वालियर में 21, गुना में 17, सागर में 14, विदिशा में 16, भोपाल में 25, राजगढ़ में 15 अभ्यर्थी और लोकसभा संसदीय क्षेत्र बैतूल (अजजा) 8 अभ्यर्थी के नामांकन सही पाए गए हैं। जबकि मुरैना में 2, भिण्ड में 1, ग्वालियर में 1, विदिशा में 4, भोपाल में 3, राजगढ़ में 1 और बैतूल में 1 अभ्यर्थी के नाम निर्देशन-पत्र संवीक्षा के बाद विधिमान्य नहीं पाये जाने पर अस्वीकृत कर दिए। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार 7 मई को मतदान होगा।

### चौथे चरण के लिए अब तक 17 अभ्यर्थी भर चुके है नामांकन

इधर चौथे और मप्र में आखिरी चरण के लिए 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन भर दिए हैं। उज्जैन (अजा) में 1 अभ्यर्थी, मंदसौर में 2, इंदौर में 1, खण्डवा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किए हैं। अभ्यर्थी चौथे चरण के लिए गुरूवार 25 अप्रैल तक नामांकन जमा कर सकते हैं। इसके अगले दिन शुक्रवार 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में पड़े वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### अभ्यर्थियों को देनी होगी आपराधिक जानकारी

भोपाल. लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तय नियमावली के अनुसार अब अभ्यर्थियों को अपने आपराधिक रिकॉर्ड का प्रकाशन करना होगा। लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों व राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। इसका पहला प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर करना होगा। भोपाल में 26 तक पहला प्रकाशन करना होगा। राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संया डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो।

### होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक का नाम होना जरूरी

भोपाल. चुनावी प्रचार के लिए लगाए जाने वाले होर्डिंग के लिए जिला निर्वाचन की ओर से दिशा निर्देश जारी किए हैं। संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए स्थापित होने वाले होर्डिंग में भी पंप्लेट की तरह मुद्रक व प्रकाशक का नाम जरूरी किया है। इसके लिए मुय निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों के तहत इसे जरूरी किया है। इसका पालन कड़ाई से कराने का कहा गया। गौरतलब है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क जहाँ मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते को अंकित किए बिना चुनावी पोस्टर और पपलेट के प्रकाशन पर रोक लगाती है, वहीं धारा 127-क (3) (बी) चुनावी पपलेट और पोस्टर के अर्थ को व्यापक आयाम देती है और इसमें प्ले कार्ड्स या पोस्टर को भी शामिल करती है।

# माशिमं: 25 अप्रैल के बाद जारी होगा परिणाम, हेल्पलाइन पर पहुंचे एक दिन में 2200 कॉल

**अफवाह से बढ़ी कॉल की संख्या, अब तक करीब 35 हजार काल आ चुके हैं**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन होने के बाद अब परिणाम भी लगभग तैयार हो चुके हैं। संभवतः 25 से 28 अप्रैल के बीच माशिमं परिणाम जारी कर सकता है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपने परिणाम का इंतजार है। ऐसे में माशिमं की हेल्पलाइन 18002330175 पर आने वाले कॉल्स की संख्या में ब?त्तरी हुई है। हर दिन 400-500 फोन आ रहे हैं। जनवरी से लेकर अब तक करीब 35 हजार काल आ चुके हैं। खास बात यह भी है कि जैसे-जैसे परिणाम के दिन नजदीक आ रहे हैं, हेल्पलाइन पर कॉल की संख्या में इजाफा हो रहा है। शनिवार देर शाम तक हेल्पलाइन पर 2200 से अधिक कॉल पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि मप्र बोर्ड का परिणाम घोषित होने की अफवाह सोशल मीडिया, यू-ट्यूब के माध्यम से फैलने के कारण कॉल्स की संख्या में इतनी तेजी से इजाफा हुआ है। हालांकि काउंसलर विद्यार्थियों के सवालों का समाधान कर रहे हैं और तनाव मुक्त रहने की सलाह दे रहे हैं।




**यह सवाल पूछ रहे विद्यार्थी:** अधिकतर विद्यार्थी का एक ही सवाल है, कि परीक्षा परिणाम कब जाएंगे। किस वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं और यह कितने बजे जारी होगा। 12वीं के विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि इस बार भी मेरिट में आने पर स्कूटी या लैपटॉप दिया जाएगा। जबकि 10वीं के अधिकतर विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि बेस्ट आफ फाइव योजना लागू है कि नहीं। वहीं कई विद्यार्थियों ने तनाव रहित रहने सहित अन्य विषयों पर भी सवाल पूछे हैं।

**18 काउंसलर सहित टीम तैनात:** माशिमं की हेल्पलाइन में 18 काउंसलर सुबह आठ से रात के आठ बजे तक विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए उपलब्ध हैं। टोल फ्री नंबर पर विद्यार्थी काउंसलर से सलाह ले सकते हैं। परिणाम को लेकर माशिम की हेल्पलाइन पर फोन की संख्या दोगुनी हो गई है।

## राष्ट्रीय उद्यान वन विहार का समय बदला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय उद्यान वन विहार का समय बदल गया है। अब पर्यटक सुबह 6 बजे से यहां आ सकेंगे। शाम 7 बजे तक वन विहार खुला रहेगा। 31 जुलाई तक इसका यही समय होगा। अभी यहां की टाइमिंग सुबह साढ़े छह से शाम के साढ़े छह बजे तक है। वन विहार का समय साल में 4 बार बदला जाता है। मौसम को ध्यान में रखकर इसे तय किया जाता है। एक अगस्त से 31 अक्टूबर तक वन विहार का समय सुबह साढ़े छह शाम के शाम के साढ़े छह बजे रहेगा।

**मेट्रो एंकर** | एनएलआईयू में तैयार हुई डिजिटल फोरेंसिक लैब में बाहर से आएंगे एक्सपर्ट

# विश्वविद्यालयों में लैब तो तैयार हो जाती है लेकिन तकनीकी कर्मियों की कमी बड़ी परेशानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। विश्वविद्यालयों में लैब तो तैयार हो जाती है, लेकिन तकनीकी कर्मचारियों की कमी की वजह से लैब की क्षमता होने के बाद भी जांचें नही हो पाती। इसके लिए यूनिवर्सिटी की फैकल्टी को ट्रेनिंग दी जाएगी साथ ही समय-समय पर बाहर से भी एक्सपर्ट बुलाए जाएंगे। डिजिटल फोरेंसिक लैब स्थापित करने वाला प्रदेश का यह पहला लॉ विवि है। इस लैब साइबार अपरोधों को सुलझाने में मदद मिलेगी। छात्र-छात्राओं को भी इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी।**



एनएलआईयू में साइबर लैब के चैयरपर्सन डॉ. अतुल पांडे ने बताया कि एलएलआईयू के अधिकारियों के मुताबिक साइबर फारेंसिक लैब हत्या से लेकर जबरन वसूली, अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करना, फोन से अश्लील संदेश, स्क्रीन शॉट जैसे साइबार अपरोधों को सुलझाने में मदद करती है। अपराध में जब्त हुए इलेक्ट्रानिक डिवाइस को उन टूल्स के माध्यम से डाटा निकालने का काम होता है जो कोर्ट में आरोपित को सजा दिलाने में अहम सबूत साबित होते हैं।

शहर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। जिसके चलते अब नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (एनएलआईयू) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्र साइबर सिक्योरिटी की पढ़ाई करेंगे। इतना ही नहीं साइबर अपराधों से निपटने के लिए यूनिवर्सिटी में डिजिटल फोरेंसिक लैब भी तैयार की गई है। इस लैब में विभिन्न प्रकार के डिजिटल फोरेंसिक टूल प्रयोग गए हैं, जो डिजिटल साक्ष्य पर विभिन्न कार्यों और विश्लेषणों का कार्य करने में मदद करेंगे। इस लैब का शुभारंभ मई के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। लैब के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों को साइबर फॉरेंसिक मामलों को सुलझाने में मदद होगी।




# सेहत के लिए विचारों की जीवनी शक्ति

■ रेखा देशराज

हमारी भावनाएं, हमारे ख्यालात वास्तव में बेहद ताकतवर होते हैं, क्योंकि ये हमारे शरीर नहीं, मस्तिष्क का हिस्सा होते हैं। जहां हमारी भावनाएं हमें मानसिक रूप से भरा-पूरा बनाती हैं, वहीं दुनिया को समझने में, परिस्थितियों से निपटने में और जिंदगी को जीने में, ये हमारे दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण आकार देती हैं। भावनाओं की बदौलत ही तय होता है कि हम किस कदर स्वस्थ रहते हैं। कई बार हम शारीरिक रूप से भले स्वस्थ हों, लेकिन अगर हम भावनात्मक रूप से नीरस हों तो कुछ भी अच्छा नहीं लगता और जरा भी शरीर में ताकत नहीं महसूस होती। इसलिए कहते हैं, हमारी भावनाएं हमें जीवनरक्षक दवाओं से ज्यादा ऊर्जा देती हैं। ऐसे अनगिनत शोध हो चुके हैं जो साबित करते हैं कि अनुकूल भावनाओं के बीच कोई मरीज बहुत तेजी से रिकवर करता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ भावनाओं का होना जरूरी है। हमारे जज्बात हमारे जीवन को संगीतमय बना सकते हैं और इसे नरक में भी तब्दील कर सकते हैं। वास्तव में जज्बातों में जीवनी-शक्ति होती है, जैसी जीवनी शक्ति जीवनरक्षक दवाओं में भी नहीं होती। इसलिए डॉक्टर और मनोविद दोनों कहते हैं, एक बेहतरीन और सुखी जिंदगी पानी हो तो इसके लिए जज्बातों का दामन थामिये। जज्बात सिर्फ विरासत में नहीं मिलते, न ही ये महज किसी की जेनेटिक थाती होते हैं। ये समझ, संवेदना और परवरिश से भी पाए जाते हैं, हासिल भी किए जाते हैं। हमारी भावनाएं हमें किस तरह जिंदगी में सफलता की मंजिल तक ले जाती हैं, इसे कुछ अहम तथ्यों के जरिये जान सकते हैं।

### हंसी सबसे कारगर टॉनिक

सुनने में अतिरेक लग सकता है, लेकिन स्वस्थ रहने के मामले में हंसी सबसे कारगर टॉनिक है। हंसने से हमारे फेफड़ों और दिल की अच्छी खासी एक्सरसाइज हो जाती है। साथ ही उपचार करने वाले विशेष हार्मोन शरीर के भीतर जारी होते हैं। खुलकर हंसने से हमारा ब्लड प्रेशर सही रहता है। सांस लेने में आसानी होती है। चैन की नींद आती है। हंसने के साथ साथ मुस्कुराना भी सेहत के लिए अच्छा होता है। मुस्कुराने से पूरा शरीर 'काम एंड कूल' हो जाता है। दोस्तों व अजनबियों से रिश्ते बेहतर हो जाते हैं, इसलिए अगली बार जब भी किसी बात पर तनाव महसूस करना, एक बार मुस्कुराकर देखना कैसे तनाव छूमंतर हो जाता है।

### जीवनदायी प्रेम

यह सिर्फ कहने की बात नहीं है, प्यार में सचमुच बहुत शक्ति होती है। यह मौत के मुंह तक पहुंच चुके मरीजों को भी वापस ले आती है। ऐसी अनेक कहानियां हैं कि कैंसर से लड़ रहे और



निश्चित मौत की तरफ बढ़ रहे रोगी भी किसी के प्यार की डोर पकड़कर जिंदगी के आंगन तक खींचे चले आए। कहते हैं, जिस व्यक्ति को उसकी पत्नी काम पर जाने के समय प्यार करके विदा करती है, उसकी उम्र में 5 वर्ष का इजाफा हो जाता है।

### उम्मीद पर दुनिया टिकी है

कह सकते हैं आशा यानी सकारात्मकता वह गुरुत्वाकर्षण है एक तरह से जिसकी बदौलत दुनिया टिकी हुई है। जीवन में उम्मीद न हो तो हम समय के पहले मरें भले न, लेकिन मरे जैसे हो जाते हैं। अगर जीवन में उम्मीद न हो तो हम वक्त से पहले बू? हो जाते हैं। हम सबको जीवन में स्वस्थ बने रहने के लिए एक बेहतरीन उद्देश्य, एक बेहतरीन उम्मीद की जरूरत होती है। बिना उम्मीद के हम जीवन में कभी भी संघर्ष नहीं कर सकते। किशोरावस्था में हम सबमें इसलिए अथाह ऊर्जा होती है, क्योंकि हम उम्मीदों से, फंतासियों से भरे होते हैं। महत्वाकांक्षाएं, ख्वाहिशें हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं, हमें ताकत देती हैं। एक मशहूर कहावत है, हिम्मते मर्दा, मददे खुदा यानी जिसमें कुछ कर गुजरने का आत्मविश्वास होता है, भरोसा होता है, उसकी भगवान भी मदद करते हैं। इसलिए अगर जिंदगी में स्वस्थ और भविष्य के प्रति उत्साह से भरे रहना चाहते हैं तो अपने आत्मविश्वास को कभी कम न होने दें। अगर हममें आत्मविश्वास नहीं होता है तो हर कोई- परिवार, दोस्त, माता पिता, एम्पलायर्स आदि सब हमको धक्का देकर आगे बढ़ जाते हैं। आत्मविश्वास के अभाव में हम हर वह फैसला कर बैठते हैं जो हमारे लिए अनुकूल नहीं होता, बाजार जाते हैं तो गैरजरूरी चीजों की भरपूर शॉपिंग कर लेते है, हम चाहे जितने महंगे रेस्तरां में बैठे हों, हमें मनपसंद सर्विस नहीं मिलेगी। आत्मविश्वास हमें सही मायनों में वह जगह दिलाता है, जिसकी हम चाह करते हैं। आत्मविश्वास की बदौलत हम अपने मन की जी पाते हैं और मन की कर पाते हैं, इसलिए स्वस्थ और सफल होने के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है। आत्मविश्वास की भावना वह कर दिखाती है, जो कई बार महंगी दवाएं भी नहीं कर पातीं।

-साभार

# 'हैंड ऑफ द डेजर्ट': चिली के अटाकामा में अद्भुत कलाकृति



अटाकामा उत्तरी चिली में स्थित एक तटीय रेगिस्तान है। यह रेगिस्तान दुनिया का सबसे शुष्क स्थान माना जाता है। यहां बनी हाथ की आकृति, नायाब कलाकृति मानी जाती है। यहां दूर-दूर तक कोई जीव नजर नहीं आता। चार फैली हुई अंगुलियां और एक अंगूठा लोहे के फ्रेम के ऊपर कंक्रीट से बनाया गया है। ऐसा लगता है जैसे हाथ जमीन को चीरता हुआ बाहर आ रहा है। इसे देखने के लिए दुनिया भर के लोग आते हैं। मानव निर्मित यह हाथ 36 फुट का है, जो हर किसी को आकर्षित करता है।

# हम अकेले क्यों हो रहे हैं, बहुत कष्टकारी है उत्तरकाल की यह 'गरीबी'

■ वीरेंदर कपूर

हमें स्कूलों में पढ़ाया गया कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। हम प्राणी तो बने रहे, पर बहुत ही कृत्रिम, भौतिकवादी और आत्मकेंद्रित बन गए। इसका दोषी तकनीक, लालच और बेसब्री या फिर तीनों के संयोजन को मान सकते हैं। संयुक्त परिवार से एकल और फिर संक्षिप्त परिवार बन गए। संयुक्त परिवार का अलग ही रुतबा और फायदा था, जहां मजबूत सहयोगी तंत्र और भावनात्मक जुड़ाव था। बुजुर्गों के पास परिवार को देने के लिए ज्ञान था। तीस-चालीस वर्ष के युवा ऊर्जा बांटते, तो बच्चों की हंसी और मासूमियत परिवार में रौनक बिखेर देती थी। वर्तमान में सुखवाद चरम पर है। मैं, मुझे, मेरा और मेरी जिंदगी फैशन में है। समायोजन को हेय दृष्टि से देखा जाता है। अवज्ञा और अनादर या वाद-विवाद को आधुनिक माना जाता है। बच्चे विदेश चले जा रहे हैं। उनके पास माता-पिता के लिए समय नहीं है। कुछ अपने ही देश में दूसरे शहरों में रहने लगे हैं, उनके पास भी समय नहीं है। माता-पिता बच्चों से जुड़े रहना चाहते हैं, लेकिन बच्चे नहीं।

तीन-चार दशक पहले भारत में तलाक कम होते थे। समाज इसे कतई स्वीकार नहीं करता था। लोग वैवाहिक जीवन के पचास वर्ष साथ रहकर गुजार देते थे। पर आजकल यह कहना फैशन है कि हमने अपनी शादी को बचाए रखने की बहुत कोशिश की, लेकिन निभ न सकी। तर्क दिया जाता है कि विवाह बेमेल था। बेमेल विवाह पहले भी होते थे, पर मेल-मिलाप की भरसक कोशिश की जाती थी। ज्यादा कमाने का लालच हमारे युवा जोड़ों को दूसरे देशों या शहरों में ले गया। लेकिन उनके माता-पिता अपने मूल देशों या कस्बों में अकेले रह गए। एकल परिवार का विचार सबसे पहले पश्चिम में आया, जो धीरे-धीरे पूर्व तक जा पहुंचा, जहां संयुक्त परिवार की जीवन-शैली थी। युवा जोड़ों को खुद की आजादी और चिंतामुक्त जीवन तो मिला, लेकिन अभिभावकों से मिलने वाला भावनात्मक लगाव छिन गया। हालांकि अब अमेरिकियों की भी सोच बदल रही है और वे संयुक्त परिवार में रहना चाहते हैं। इस वजह से भारत में वृद्धाश्रमों की वृद्धि हुई है। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करने वालों को सब्सिडी दी जानी चाहिए। वृद्धाश्रम का नाम ही डरावना होता है। बेहतर और उज्ज्वल जीवन की तलाश में पूरा जीवन निकल जाता है। उम्र बढ़ने के साथ मनुष्य बुद्धिमान और भावुक हो जाता है और कई बार इतना भावुक हो जाता है कि यह सोचने लगता है कि यह सब किसके लिए कमाया। सामूहिक जीवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हम अकेलेपन से बच जाते हैं। पश्चिमी समाज आज बहुत अकेला है। अकेलापन बहुत बड़ा दुश्मन है। वरिष्ठ नागरिक इसका प्रतिदिन सामना करते हैं। उनके पास धन और ज्ञान तो खूब है, लेकिन इसे साझा करने के लिए कोई नहीं। समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। अलग-अलग समूहों की समस्याएं भी भिन्न-भिन्न हैं। मदर टेरेसा ने कहा है कि सबसे भयानक गरीबी अकेलापन और प्यार की भावना का न होना है। बच्चों या समाज की ओर से त्यागे गए, आर्थिक रूप से कमजोर लोग आश्रय से ज्यादा अपने अस्तित्व के लिए भटकते हैं। संतोष की बात है कि ऐसे लोगों के लिए एनजीओ और धर्मार्थ संगठन काम करते हैं। जिनके पास पैसा है, वे सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन के लिए भुगतान करके फाइव स्टार सुविधा हासिल



करते हैं। एक चलन यह भी है कि समान विचारधारा वाले बुजुर्ग एक बड़ा-सा घर साझा करते हैं, जिससे बिजली और किराये जैसे खर्च में राहत मिलती है। साथ ही वे एक-दूसरे की देखभाल भी कर सकते हैं।

कुछ महिला और पुरुष अकेले ही रहना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जो एक-दूसरे का साथ तो चाहते हैं, लेकिन साथ रहेंगे नहीं। इसे अलग ढंग से देखें, तो अकेलापन दूर करने का एक प्रेमालाप है। दुनिया भर की सेना या सशस्त्र बलों के अधिकारियों का आधा जीवन मेस में ही गुजर जाता है। सेना में अधिकारियों की रैंक के अनुसार मेस होती है। समान आयु वालों के साथ भोजन करते हैं। इसलिए हम वरिष्ठ नागरिकों की आवास इकाइयों को होस्टल या मेस के रूप में देख सकते हैं। जापानी लेखक हारुकी मुराकामी ने लिखा है कि लोगों को इतना अकेला क्यों रहना पड़ता हैड़ इसका मतलब क्या हैड़ इस दुनिया में लाखों लोग अपनी संतुष्टि के लिए दूसरों की ओर देख रहे हैं, फिर भी खुद को अलग-थलग कर रहे हैं। क्योंड़ क्या यह धरती मनुष्य के अकेलेपन को दूर करने के लिए है।

-साभार

भगवान महावीर की जन्म जयंती

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

■ ललित गर्ग

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी।

इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जु? गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें। एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास ख? हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखा? कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बड़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहींड़ तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें



जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'- उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्याड़ इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता हैड़ क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता हैड़ इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सकेड़ इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-'खणं जाणाहि पंडिए', जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है।

आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

**द्वितीय चरण के मतदान की अब आ गई बारी, मतदाता करले वोटिंग की तैयारी**

# पांच साल में होता मतदान एक बार हैं, इसमे वोट देना हमारा अधिकार है: सारिका



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रथम चरण के मतदान के बाद अब आ गई है बारी आगामी शुक्रवार 26 अप्रैल के द्वितीय चरण के मतदान की जिसमे होशंगाबाद लोकसभा का भी निर्वाचन होना है। इसमें शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं को आ गये लोकसभा चुनाव, वोट करना न कोई भूले का संदेश दिया। सारिका ने मतदाताओ को कहा कि ये चुनाव पांच साल मे आते एक बार हैं इसमे वोट देना हमारा अधिकार है। नवमतदाता को मतदान के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि देखा जा रहा है कि उनमें खुशियां अपार है, और वे प्रथम बार अपने वोट से सरकार बनाने जा रहे है। मतदाताओं से कहा कि आओ मिलकर वादा करें हम, वोट करना न कोई भूलें। ध्?यान रखें गर्मी हर साल आती है लेकिन आपको अपनी सरकार चुनने का मौका पांच साल मे एक बार मिलता है।

## दमदम में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान हेतु 05 दिन शेष बचे हैं। मतदाताओं को जागरूक कर वोट का प्रतिशत बढ़ाने का काम भी प्रशासनिक अमले के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के इसी क्रम में जनपद पंचायत नर्मदापुरम की दमदम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूरे ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। दमदम सोहागपुर 138 विधानसभा का ग्राम है जिसके अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रद क्रमांक 158 में 1045 मतदाता हैं। बीएलओ रोहित चौरे बताया कि विगत विधानसभा 2023 में पोलिंग बूथ पर 88.75 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार भी हमारी कोशिश है कि मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे। ग्राम सचिव तुकाराम चौरे ने बताया कि दमदम पंचायत में 3 ग्राम आते हैं जिसमें इस मतदान केन्द्र पर दमदम एवं पिपरियाखुर्द 02 ग्राम सम्मिलित हैं दोनों ग्रामों जागरूकता अभियान चला जा रहा हैं एवं पूरा प्रयास किया जा रहा है कि दोनों ग्राम के मतदाता आकर शत प्रतिशत मतदान करें। जागरूकता अभियान की रैली में ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम चौरे, सहायक सचिव रोहित चौरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता चौरे, मुन्नीय मेहरा आंगनवाड़ी सहायिका, इमरती बाई केवट, संगीता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता राजश्री पटैल, प्रधान पाठक राजीव चौहान, शिक्षक पूनम तिवारी, प्रीति यदुवंशी, वंदना ठाकुर, ज्योति यादव एवं ग्राम के युवा सम्मिलित रहे।

### बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखी जाए

# वेयर हाउस में मतदान प्रभावित करने वाली सामग्री ना रहे: कलेक्टर




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी दिनों में जिले में बनाए गए सभी एसएसटी चेक पोस्टों, जांच नाको पर विशेष सतर्कता रखी जाए। आने जाने वाले वाहनों की कडाई एवं सघनता से जांच की जाए।उन्होंने अपर कलेक्टर डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं जिला कोषालय अधिकारी नितेश उईके को रात्रि में एसएसटी चेक पोस्टों को चेक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिए की आगामी दिनों में वह संदिग्ध बैंक खातों में नजर बनाकर रखें। इस दौरान इन बैंक खातों में यदि अधिक और संदिग्ध लेनदेन होता है तो तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा हाल में दिए निर्देशअनुसार वेयरहाउस में भी विशेष सतर्कता रखी जाए, वेयरहाउसों की नियमित रूप से जांच हो कि वेयरहाउस में किसी भी प्रकार की नगद राशि, शराब, ड्रग्स, साड़ी और अन्य प्रतिबंधित पदार्थ तो नहीं है यदि है तो तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रतिदिन वेयरहाउस का निरीक्षण करें एवं प्रतिदिन इस आशय का रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें।बैठक में बताया गया कि अब तक 79.69 लाख रुपए की नगदी वाहनों से जप्त की गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिन व्यक्ति या संस्था की नगदी चेक पोस्टों से वाहनों की चेकिंग के दौरान जप्त की गई है उन्हें अपील की प्रक्रिया से अवगत कराया जाये।

बैठक में जिला आबकारीअधिकारी ने बताया कि विभाग ने अब तक 31 लाख 13 हजार रुपए मूल्य की अवैध शराब जप्त की है। छह वाहन को भी जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। निर्धारित मात्रा से अधिक शराब के उठाव पर विशेष नजर रखी जा रही है। अवैध शराब बिक्री पर भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिला आबकारी अधिकारी अपने सभी कॉन्टैक्टर को हिदायत दे की मतदान के दिन कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो, कहीं भी शराब का परिवहन ना हो। बैठक में अपर कलेक्टर डीके सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बबीता राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मतदान दिवस पर ज़िला स्तर पर होगा इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का गठन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहां की मतदान में कुछ ही दिन शेष हैं। ज़िला स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का गठन किया जाएगा जिसके माध्यम से मतदान प्रतिशत, शिकायत, फ़ेक न्यूज़, क़ानून व्यवस्था, जीपीएस और वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की जाएगी। 904 केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जायेगी। फेक न्यूज़ से निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान न हो। कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट एवं फेक न्यूज़ के संबंध में तत्काल खंडन जिला स्तर पर कंट्रोल रूम द्वारा किया जाये। अपर कलेक्टर डी के सिंह और डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर इसके नोडल अधिकारी होंगे। फेक न्यूज़ एवं सोशल मीडिया में डाली गई मतदान प्रभावित करने वाली पोस्ट पर कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाएगा एवं ऑडियो वीडियो और टेक्स्ट मैसेज जारी कर खंडन किया जाएगा। उक्त दोनों अधिकारी बाइट एवं जवाब देने के लिए अधिकृत होंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने आज ज़िला नोडल अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये।बैठक में सहायक नोडल अधिकारी एमसीएमसी ने बताया कि जिले के मीडिया कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दो तरह के प्राधिकार पत्र तरह जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र में मतदान केंद्र एवं मतगणना के लिए प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मतदान केंद्र एवं मतगणना स्थल के संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से सभी मीडिया कर्मियों को अवगत कराया जाए।

बैठक में जीपीएस मैपिंग के संबंध में भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारी ने जीपीएस मैपिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दल के वाहन की हर मूवमेंट की जानकारी हर आधे घंटे में मिलती रहेगी गूगल मैप में भी यह दर्शित होगा। गूगल मैप एवं जीपीएस ट्रैकिंग ? से यह पता चल जाएगा की कितनी गाड़ी मतदान केंद्र तक पहुंच गई है और कितनी गाड़ी मतदान केंद्र से सामग्री लेकर वापस हुई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मतदान कर्मी जब सामग्री लेकर रवाना हो एवं मतदान के पश्चात जब मतदान केंद्र से रवाना हो तब हर एक घंटे में उनके वाहनों की मूवमेंट की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में दी जाए।

बैठक में बताया गया कि 50 प्रतिशत मतदान केंद्र में वेब कास्टिंग की जाएगी और मतदान केंद्र के बाहर भी कैमरे लगाए जाएंगे जो पूरे परिसर को कवर करेंगे।बताया गया कि मतदान के दिन शिकायत शाखा का कंट्रोल रूम, एमसीएमसी का कंट्रोल रूम, कंट्रोल रूम नंबर 1950 एवं सी विजिल ऐप अतिरिक्त सतर्कता से कार्य करेंगे। सभी कंट्रोल रूम में अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।जो प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण करेंगे।

**स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आयोग के निर्देशों से अवगत कराया**

# लोकसभा चुनाव के लिए कुसुम कॉलेज से होगा सामग्री वितरण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तहसील कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार राकेश खजूरिया भी उपस्थित थे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण कुसुम महाविद्यालय से किया जाएगा।

सामग्री वितरण हेतु स्ट्रांग रूम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा मतदान केंद्रों पर अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु संबंधित अभिकर्ता जिसे मतदान केंद्र पर अभिकर्ता नियुक्त किए जाने हेतु अभ्यर्थी द्वारा अधिकृत किया हो वह आयोग के नियमानुसार निर्धारित प्रारूप 10 में अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर युक्त प्रति संबंधित मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। दिनांक 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर नियुक्त निर्वाचन अभिकर्ता दिखावटी मतदान के समय प्रातः 5¬30 बजे उपस्थित रहकर अपनी उपस्थिति में दिखावटी मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन करें



मतदान दिवस पर मशीन सील करते समय समस्त अभिकर्ता उक्त सीलिंग कार्य पर हस्ताक्षर करेंगे। मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व आयोग के नियमानुसार प्रचार प्रसार बंद किया जाए आयोग के नियम अनुसार समय-समय पर जारी की गई सूचना से आपको सूचित करने हेतु किसी एक व्यक्ति को अधिकृत करें जो की 24 घंटे विधानसभा मुख्यालय पर उपस्थित हो। बैठक में भाजपा की ओर से रघुवीर राजपूत, आम आदमी पार्टी से अजय मालवीय, कांग्रेस से मुकेश पटेल, बसपा से मेघराज हरियाले, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी उपस्थित थे।

## नर्मदापुरम-हरदा मार्ग पर हादसा तीन लोगों की मौत, ट्रक ने बाइक स्वरों को रौंदा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार रात लगभग 10 बजे के आसपास कहरिया के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। केले से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने पहले तो एक मिनी ट्रक को टक्कर मारते हुए सलकनपुर से लौटकर आ रहे एक बाइक को रौंदते हुए सड़क से नीचे खाई में उतर गया। हादसे में बाइक पर सवार 3 लोग ट्रक ने नीचे दब गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।



घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर सिवनी मालवा थाना प्रभारी उषा मरावी पुलिस बल के साथ पहुंची तथा ट्रक के नीचे दबे लोगों को जेसीबी की सहायता से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बाइक पर सवार चम्पालाल पिता बुद्धू कासदे उम्र 55 वर्ष, निवासी मेढा पानी जिला खंडवा तथा निशा पिता चम्पालाल उम्र 16 वर्ष ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं सुदामा उम्र 60 वर्ष को गंभीर घायल अवस्था सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। एक मिनी आयशर ट्रक को टक्कर मारी और अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बाइक चालक को रौंदते हुए सड़क के नीचे खाई में उतर गया। तथा बाइक सवार 3 लोग ट्रक के नीचे ही दब गए। आसपास के लोगों के द्वारा ट्रक चालक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया की तीनों मृतक चम्पालाल कासदे, निशा कासदे तथा सुदामा कासदे ग्राम मेढापानी जिला खंडवा, के निवासी है। जो की शनिवार देर रात सलकनपुर से लौट कर आ रहे है थे।

**मेट्रो एंकर**

**पुलिस ने किया अमृतलाल चौरे की हत्या का खुलासा**

# चार लोगों ने जघन्य हत्या कर शव को नहर में फेंका था




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

15 अप्रैल की शाम के समय सिवनी मालवा से 6 किलोमीटर दूर सूरजपुर के पास बड़ी नहर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बह कार आई थी। जिसकी सूचना सिवनी मालवा थाने को मिलते ही एसडीओपी राजू रजक थाना प्रभारी उषा मरावी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे लाश को बाहर निकल गया जिसमें मृतक के बनियान जैसे कपड़े से पैर बंधे हुए पाए गए वहीं शरीर पर चोट के निशान भी थे शव को सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही दूसरी और दिनांक 15/04/24 को थाना इटारसी में सूचनाकर्ता अमन चौर निवासी पुरानी इटारसी ने अपने पिता अमृतलाल चीरे उम्र 45 वर्ष के गुम होने की रिपोर्ट की थी जिस पर



गुम इंसान कायम कर जाँच की जा रही थी। इसी बीच थाना सिवनी मालवा अंतर्गत सूरजपुर नहर में अज्ञात व्यक्ति जिसके पैर बंधे होकर चोटिल था का शव मिलने से थाना सिवनी मालवा में मर्ग कायम कर अज्ञात व्यक्ति की पहचान गुमशुदा अमृतलाल चौरे के रूप में उनके परिजन द्वारा की गई। मृतक की पोष्ट मार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत मारपीट कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करना पाया जाने से थाना सिवनी मालवा में देहाती अपराध धारा 302, 201 11एष्ट का पंजीबद्ध कर थाना इटारसी के गुम इंसान से सम्बंधित होने से असल अपराध थाना इटारसी में पंजीबद्ध किया गया था।

चूंकि मामला जघन्य हत्या एवं पेचीदा होने से मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 गुरकरन सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अपराध का शीघ्र खुलासा करने तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

मामले के खुलासा के लिए लगाई गई टीम के द्वारा तकनीकी सहयोग तथा मुखबिर लगाकर जानकारी प्राप्त की, जिससे ज्ञात हुआ कि मृतक अमृतलाल चौरे जो टाटा स्काय लगाने का काम करता था जिसका जमानी में रहने वाली एक महिला के साथ संबद्ध थे, जिसके कारण मृतक का ग्राम जमानी में आना जाना होता था। दिनांक 14/04/24 को भी मृतक अमृतलाल ग्राम जमानी महिला से मिलने पहुंचा जहां मृतिका की पुत्री के अचानक जागने और चिल्लाने से मोहल्ले के लोग जमा हो गए, तो वहां से मृतक अन्धेरा का फायदा उठाकर महिला के घर के पीछे आम के बगीचा में भाग गया। लगभग 2 घंटे बाद मृतक पुनः महिला के घर पहुंचा लेकिन पुनः महिला की लड़की अमृतलाल को देखकर चिल्लाई तो पुनः मोहल्ले के तीन लोग लकड़ी लेकर पहुंचे जहां महिला की लड़की व् तीन अन्य मोहल्ले के लोगें को लकड़ी लेकर दौड़ते देखकर मृतक पुनः अंधेरे में आम के बगीचा में भागा जिसके पीछे चारो आरोपियों ने दौड़कर पीछा किया जो आम के पेड़ के निचे गिर जाने पर चारों ने डंडे से मृतक के साथ मारपीट कर हत्या आकर दी, तथा मृतक की लाश को ठिकाने लगाने के लिए उनमे से एक आरोपी ने अपनी मोटर सायकिल पर मृतक की लाश को रखकर पीछे दूसरा आरोपी बैठकर पकड़ा और लड़की की होंडा एक्टिवा पर तीसरा आरोपी बैठकर लड़की पीछे बैठकर चारो आरोपियों ने मृतक के शव को नहर के बाजू में ले जाकर मृतक के बदन पर पहनी बनियान को उतारकर मृतक के शव के पैर बांधकर नहर में फेंककर वापस आए और यह बात किसी को ना बताने चर्चाकर अपने अपने घर चले गए।

चूंकि घटना के बाद ग्राम जमानी में कोई व्यक्ति कुछ बोलने को तैयार नहीं हो रहा था, अतः तकनीकी संसाधनों तथा विश्वसनीय मुखबिर तंत्र के माध्यम से टीम द्वारा चारो आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ करने पर चारो आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है, साथ ही घटना में प्रयुक्त 2 वाहन, डंडे, मृतक की मोटर सायकिल, कपडे, मोबाइल व् अन्य सामग्री आरोपियों के कब्जे से जप्त करने तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्म की है। चारो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल नर्मदापुरम भेजा गया है।

### यह हैं आरोपी के नाम

दयाराम पिता बुद्धलाल टेकाम उम्र 53 वर्ष, दयाराम उर्फ पप्पू पिता बतनलाल कावरे उम्र 36 वर्ष, रामविलाश पिता भागीरथ कलमे जाती कोरकू उम्र 38 वर्ष एवं एक 20 वर्षीय बालिका सभी निवासी ग्राम जमानी थाना पथारोटा का होना बताया गया। इस पूरे घटनाक्रम में निरी0 गौरव सिंह बुंदेला, एस आई श्रद्धा राजपूत, सउनि0 संजय रघुवंशी, प्र0आर0 प्रदीप चौधरी, हेमंत तिवारी, शेख अबरार, आर0 हरीश डिगरसे, राजेश पवार, जयप्रकाश, गुलशन सहयोगी भूमिका थाना पथरोटा से थाना प्रभारी संजीव पवार, एएसआई मालवीय, प्र0 आर0 कन्हैया, आर0 धीरज राठौर, तथा थाना रामपुर गुर्रा से थाना प्रभारी विधिन पाल, आर0 रितेश येवले, थाना इटारसी से जीतेन्द्र शेशकर, साकिर, अविनाशी, प्र0 आर0 बबिता, अनिता, चेतना, पूनम, आर0 सायबर अभिषेक महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिगड़ती यातायात व्यवस्था किसी की जान लेकर रहेगी!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



गंजबासौदा नगर का लापरवाह प्रशासन सड़को तक पसरे अतिक्रमण से लगातार बिगड़ रही यातायात अव्यवस्था से नागरिकों को कभी राहत दिला भी पायेगा की नही ? या फिर अतिक्रमण हटाये जाने की कोरी बैठके करके अखबारों में ही छपता रहेगा !

नगर की यातायात व्यवस्था काफी गंभीर हालत में पहुँच चुकी है। जिस पर नगर प्रशासन ओर जनप्रतिनिधियों तक का किसी प्रकार का ध्यान नही है, जब किसी दिन बरेठ रोड़, त्योंदा रोड़, पर कोई गम्भीर दुर्घटना होगी तब जरूर जैसा कि शासनतंत्र में होता आया है श्सोता हुआ जागने की परंपराश् तब जागेगा। नगर में निर्लज्ज दुकानदारों का सामान सड़को तक पसरा है। जिसमे समूचे बरेठ रोड पर ओर विधुत मंडल के सामने फुटपाथ पर, त्योंदा रोड़ पर सड़को पर लोहे के सरिए, टेक्टरों के गैरेज, सड़को पर टायरों की दुकानें ये सभी कब्जा जमाये दुकानदार समूचा सामान सड़को तक पसारे हुए है। स्मार्ट सिटी में कहि-कहि सड़क का चौड़ीकरण हो गया है जिसमे निर्लज्ज दुकानदारो को ओर आजादी मिल गई है। उन्होंने नवनिर्मित सड़क तक भी सामान पसार दिया है वही नवीन सड़क तक अपने वाहनो को अव्यवस्थित खड़ा करने लगे है। वही यातायात व्यवस्था के लिए जय स्थंभ चौक पर चौकी तो बना दी गई है लेकिन चौकी में पदस्थ कर्मी अपना लक्ष्यपूर्ति के लिए छोटे वाहन चालकों को तो पडकते धकड़ते देखे जा सकते है पर सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे के बीच दिन में नो एंट्री वाले बड़े माल वाहक वाहनो को लक्ष्मी लेकर बेरोकटोक आने-जाने देते है, वही बीच सड़को पर सामान से लदे हुए ट्रक वाहनो से सामान उतरते देखते रहते है। लेकिन नगर का जिम्मेदार प्रशासन इसके बाबजूद भी इस गंभीर समस्या की तरफ बिल्कुल ध्यान नही दे रहा है, जिससे नागरिकों को काफी दिक्कतों के साथ जोखिमपूर्ण हालतों में सड़क पर चलना पड़ रहा है। नगर की इतनी चौड़ी-चौड़ी सड़को पर अतिक्रमण की भरमार ओर अव्यवस्थित यातायात देखकर लगता है कि नगर में प्रशासन नाम की कोई व्यवस्था है ही नही। इस गंभीर समस्या पर आय दिन अखबारों में खबरे प्रकाशित होती है पर इस समस्या पर न तो स्थानीय प्रशासन न जनप्रतिनिधि और न ही कोई जिले का अधिकारी ही ध्यान दे रहे है। जिससे लगता है कि इस गंभीर समस्या से नागरिकों को शायद ही कभी छुटकारा मिल पायेगा। क्योकि जिले में कई जिम्मेदार अधिकारी आते जाते रहते है जिन्हें जिला मुख्यालय की समस्या तो देख जाती है पर जिले की तहसीलों में क्या समस्याएं चल रही है इस पर उनका कोई ध्यान नही रहता। जिसमे जिले की सबसे बड़ी तहसील दर्जा प्राप्त बासौदा नगर तो प्रशासनिक दृष्टि से आज तक अपंग सा दिखाई देता है।

## छात्रावासी विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के संदेशों का सम्प्रेषण किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मतो का प्रयोग नियत मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर करें का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है।



जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन ने बताया कि शनिवार को विभागीय छात्रावासो में रहने वाले विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेशो का बढ़ चढ़कर सम्प्रेषण किया गया है। उन्होंने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जिले में संचालित सभी छात्रावासों में आगामी लोकसभा निर्वाचन तक स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है अब तक बाल पेंटिग, नुक्कड नाटक, रैलियों के माध्यम से छात्रावासी विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण कर शहरी एवं ग्रामीण मतदाताओं को सात मई को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर पहले मतदान करें का संदेश दिया जा रहा है। बाल पेंटिग के माध्यम से मतदाता जागरूकता स्लोगन, किसी के बहकावे में ना आए किसी के दबाव में ना आएं, अपने मत का उपयोग जरूर करें और यह कानूनन अधिकार भी है से भी अवगत कराया जा रहा है।

## महामाई माता से चोरी गईं चार मोटरसाइकिल चोरों को दिनभर तलाशती रही पुलिस

**सिरोंज।** डंगवाली महामाई मैया मंदिर के दरबार में आयोजित भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने के लिए पहुंचे 4 श्रद्धालुओं की गाड़ी मेला परिसर से अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गए अगले दिन जब मोटरसाइकिल है वहां पर नहीं मिली तो आसपास के खेतों में भी तलाश की इसके बाद पीड़ित ने नहीं मिलने पर मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत थाने में की थी शनिवार को पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने के लिए दिनभर अलग-अलग क्षेत्र में टीम में भेज कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, पर अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है कुछ पुराने चोरों से जरूर पुलिस ने पूछताछ की है। थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने के लिए टीम में लगातार काम कर रही है। अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है जल्दी हम आरोपियों को पकड़ लेंगे। पिछले वर्ष भी भंडारे के दिन मेला परिसर से मोटरसाइकिल चोरी हुई थी जो बाद में खेत में ही मिली थी।

## जिला बदर के आरोपी को अवैध हथियार के साथ पथरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिरोंज।** थाना पथरिया पुलिस द्वारा जिला बदर आरोपी अनीश पिता युसुफ खान उम्र 46 साल निवासी ग्राम उदयराम पुर को अवैध रूप से हथियार छुरे के साथ किया गिरफ्तार धारा 14,15 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एंव 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज ने बताया कि मुखबिर के द्वारा जैसे ही हमें सूचना दी की उदारामपुर में जिला बदर आरोपी अनीश खान पिता युसूफ खान निवासी ग्राम उदारामपुर अवैध रूप से रखें छुर लेकर घूम रहा है।इसके बाद टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार है । उक्त आरोपी कलेक्टर के द्वारा एक वर्ष की कालावधि के जिला बदर किया गया था।आरोपी अनीश खान के विरुद्ध धारा 14,15 राज्य सुरक्षा अधिनियम एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## ऊमरे के मक्का मदीना से लौटने पर परिजनों -मित्रों ने किया स्वागत



**सिरोंज।** मक्का मदीना से उमरे के सफर से वापस लौटे निजाम खान का मैसी शोरूम के संचालक अनस खान के नेतृत्व में राजा भोज एयर पोर्ट पर पहुंचकर हार माला और गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। निजाम खान जैसे ही एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उनके इष्ट मित्रों ने भी हार पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान समर यार खान मोहसिन खान कासिम कहां ईशान खान खिजर खान आदि लोगो ने उन्हें मुबारकबाद दी ।

### सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार की उपस्थिति में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सम्पन्न

# संवीक्षा में 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन विधिमान्य पाए गए



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव हेतु विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री सूरज कुमार की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। विदिशा संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु 12 अप्रैल से 19 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे तक कुल 20 अभ्यर्थियों द्वारा 24 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। संवीक्षा के दौरान 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। पांच नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर नियमानुसार निरस्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सुभाषनी गोदरे द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। इंडियन नेशनल कॉग्रेस से संबंद्धता वाला नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर निरस्त हो गया है तथा निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में जमा किया गया नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित है।

### इन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान बहुजन समाज पार्टी के श्री किशनलाल लड़िया, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के श्री प्रताप भानु शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवराज सिंह चौहान, जय प्रकाश जनता दल के श्री कमलेश कुमार गौर, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के श्री धर्मवीर भारती, राईट टु रिकॉल पार्टी के श्री धर्मेन्द्र सिंह पंवार, बहुजन मुक्ति पार्टी के श्री धूलसिंह, महानवादी पार्टी के श्री भीकम सिंह, पब्लिक पोलिटिकल पार्टी के श्री मुंशीलाल सिलावट, सपाक्स पार्टी की सीमा शर्मा, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अब्दुल जब्बार, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अब्दुल रशीद, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री दीपक कुमार तिवारी, निर्दलीय अभ्यर्थी मोहम्मद तलत खान, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया तथा निर्दलीय अभ्यर्थी सुभाषनी गोदरे का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया।

### इन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन हुए निरस्त

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के श्री आनंद प्रताप सिंह, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी की सुभाषनी गोदरे, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री खेम राज, सपाक्स पार्टी के श्री प्रशांत साहू तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री संजय सक्सेना का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर निरस्त हो गया है।



### नाम निर्देशन की संवीक्षा में सभी 14 अभ्यर्थियों नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए

लोकसभा निर्वाचन के तहत नाम निर्देशन-पत्रों की आज संवीक्षा (स्कूटनी) की गई, जिसमें सभी 14 नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 अप्रैल को नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती अंजलि सहरावत नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा में मौजूद रही।

सागर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक आर्य ने बताया कि जांच प्रक्रिया में एस.यू.सी.आई.के प्रत्याशी श्री रामावतार 299, मधुकर शाह वार्ड, यादव कॉलोनी सागर, भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े 16 संत रविदास वार्ड (एम.पी.ई.बी. रेस्ट हाउस के पास) मकरोनिया बुजुर्ग सागर, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी श्री चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गृह संख्या 125, प्रथम तल 1 मालवीय नगर भोपाल, निर्दलीय प्रत्याशी सर्वश्री धर्मेन्द्र बनपुरिया टैगोर वार्ड, खुरई एवं श्री अमित कुमार दुबे जनता स्कूल के पास, पुरव्याऊ टौरी, सागर, रामभजन बंसल ग्राम लुडयारा थाना शाहगढ जिला सागर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्री सुरेश धानक ग्राम 384 डुंगासर तह. सागर, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी श्री भगवती प्रसाद जाटव 530 झांसी रोड गुरु गोविंद सिंह वार्ड सागर, निर्दलीय प्रत्याशी श्री तोषमनी कटरा गली, सुखलाल सिरोंज, जिला विदिशा , निर्दलीय प्रत्याशी श्री रामकुमार अहिरवार एसओ परमा वार्ड कुरवाई जिला विदिशा, निर्दलीय प्रत्याशी श्री संग्राम सिंह म.न. 13/1 ग्राम मेहमू लटेरी जिला विदिशा पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड की प्रत्याशी लक्ष्मीबाई पटेल (कुशवाहा) 109/1 बाघराज वार्ड, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आरिफ मकरानी केंट वार्ड नं. 03 केंट सदर सागर तथा महान वादी पार्टी के श्री भीकम सिंह शिवनगर, तहसील जाटऊ फिरोजाबाद उ0प्र0 के नामाकंन पत्र सही पाये गये है।

### दोनों संसदीय क्षेत्रों के पुलिस प्रेक्षकों ने स्ट्रांगरूम व मतगणना स्थल का जायजा लिया

लोकसभा चुनाव 2024 के तह्त संसदीय क्षेत्र 05 सागर के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एमजेड डिंगलोई और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के पुलिस प्रेक्षक श्री जी विजय कुमार ने आज विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यो के लिए किए गए प्रबंधो का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया है। सागर संसदीय क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक एमजेड डिंगलोई से विदिशा के सर्किट हाउस में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सौजन्य मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीनो विधानसभाएं क्रमशः कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद में सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले प्रबंधो को सांझा किया और प्रेक्षकों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले फोल्डर प्रदाय किए है। विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त दोनो प्रेक्षकों के द्वारा ग्राम जाफरखेडी में स्थित आदर्श महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्षो का भ्रमण कर जायजा लिया है। कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने विधानसभावार नियत कक्षो का भ्रमण कराया साथ ही विधानसभावार नियत स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यो के लिए निर्धारित कक्षो की जानकरियां दी गई है। इसके अलावा आदर्श महाविद्यालय परिसर से विदिशा और शमशाबाद विधानसभा के मतदान दलो को निर्वाचन सामग्री का वितरण कार्य किया जाएगा। इसके लिए किए गए प्रबंधो के साथ-साथ पांचो विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया के उपरांत ईव्हीएम व निर्वाचन संबंधी अन्य सामग्री जमा कराने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमो में जमा करने के लिए निर्वाचन सामग्री प्राप्ति के लिए किए जाने वाले प्रबंधो की भी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया है।

**मेट्रो एंकर**

### बामौरी शाला में अवैध ओम क्लिनिक को बीएमओ ने किया सील

# एक्सपायरी डेट के मिले इंजेक्शन, पथरिया में 2 दवाखाना चालकों पर हुई एफआईआर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एसडीएम के निर्देश पर बनाए गए टीम ने शनिवार को ग्राम बमोरी शाला में छापा मार कार्रवाई करते हुए ओम क्लीनिक को सील किया है। यहां पर कार्रवाई करने के लिए नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल, बीएमओ विकास बघेल , डॉक्टर गोलू जाटव , दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह एवं संबंधित पटवारी के साथ ओम क्लिनिक की जांच पड़ताल टीम के द्वारा प्रारंभ की टीम के द्वारा क्लिनिक संचालक से रजिस्ट्रेशन मांगा तो कुछ नहीं मिला क्योंकि उक्त क्लिनिक को फर्जी डॉक्टर के द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था।**

वहीं जब टीम जांच कर रही थी इस दौरान 1 मरीज को बोतल चढ़ाई गई थी साथ ही जो दबाए मेडिकल पर उपलब्ध होती है वह दवाएं इनके अवैध क्लिनिक पर रखी हुई थी इसके अलावा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन भी मिले कार्रवाई करने के लिए टीम ने मौके पंचनामा तैयार किया दवाईयां को भी जप्त किया गया। बीएमओ विकास सिंह ने बताया कि अवैध रूप से ओम क्लिनिक बमोरी शाला में संचालित पाया गया है जिसको सील करके कार्रवाई की जा रही है।अबैध रूप चलते वाले क्लीनिक संचालक पर प्रकरण भी दीप ना खेड़ा थाने में दर्ज करवाएंगे लगातार हमारे द्वारा अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक और अस्पतालों की जांच करके दस्तावेज नहीं मिलने पर इन्हें सील किया जा रहा है। हमारी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कुछ दिन पहले टीम ने पथरिया में दो तथा एक नगर में भी सील किया है।





### दो फर्जी डॉक्टरों पर हुई एफआईआर

बगैर डिग्री एवं लाइसेंस के पथरिया में 2 क्लिनिक को की जांच करने के लिए एसडीएम के निर्देश पर बीएमओ ने टीम के साथ पहुंचकर पिछले दिनों जांच के बाद इनको सील किया था, नायब तहसीलदार और बीएमओ ने जांच दौरान झोलाछाप डॉक्टरों से इनको संचालित करने के दस्तावेज मांगे थे पर इनके पास कुछ नहीं था इसके बाद इन्हें सील किया था बीएमओ विकास सिंह की रिपोर्ट पर पथरिया थाना में प्रकरण दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। दिया गया थाना प्रभारी ऋतुराज ने बताया कि अबैध क्लिनिक चलाने वालों पर हुई थ्म् दिनांक 13.04.2024 को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल एवं बीएमओ डॉक्टर विकास कुमार सिंह के द्वारा थाना पथरिया क्षेत्र में अवैध क्लिनिक चलाने वालों को जांच करके क्लिनिक सील की गई । शनिवार को अमर बंगाली क्लिनिक संचालक एवं कार्तिक विश्वास क्लीनिक संचालक पथरिया के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया गया है।

### नगर में कब होगी कार्रवाई

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा आए दिन मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शहर में तो अवैध रूप से कई बड़े-बड़े अस्पताल भी चल रहे हैं जहां पर फर्जी डॉक्टरों के द्वारा मरीजों के ऑपरेशन भी किए जाते हैं जिनकी जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारी नहीं पहुंच रहे जहां पर कई बार मरीजों की मौत भी हो चुकी है। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अनजान बनने की बात करते हैं । इनकी जांच करने की हिम्मत अधिकारी क्यों नहीं कर रहे हैं।

### इनका कहना है -

*बामोरी शाला में अवैध रूप से ओम क्लिनिक को संचालित पाए जाने पर सील किया गया है। एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन और बड़ी मात्रा में दवाई भी मिली है प्रकरण भी दर्ज करवाएंगे हमारी जांच आगे भी जारी रहेगी।*

***विकास बघेल**, बीएमओ*

Life&Style



# धूप में अगर बहुत ज्यादा समय तक रहेंगे तो हो सकता है ये कैंसर

*पूरे देश में भीषण गर्मी पड़ रही है. तेज धूप और लू हर जगह चल रही है. जिसके कारण सभी लोग परेशान है. धूप के कारण लोगों को हीट स्ट्रोक पड़ रहे हैं. अधिकतर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं. वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक धूप के कारण स्किन कैंसर का खतरा बढ़ रहा है. इस कैंसर को मेलानोमा कैंसर भी कहा जाता है. यह कैंसर शरीर के उन अंगों में ज्यादा होता है जिस पर सूरज की तेज रोशनी पड़ती है. विशेषज्ञों के मुताबिक तेज धूप में खुद का बचाव करना चाहिए. ज्यादा से ज्यादा खुद को हाइड्रेट रखें. साथ ही यह कहा गया है कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक कोशिश करें कि धूप में न निकलें.*

### इस वजह से होता है स्किन कैंसर

डॉक्टरों के मुताबिक शरीर पर तेज धूप पड़ने के कारण सुबह 7 से 9 बजे के बीच ही बाहर निकलें. इस दौरान विटामिन डी मिलता है इसके बाद जो धूप होता है वह शरीर के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है. तेज धूप में बाहर न निकलें, अगर निकलें भी तो खुद को कवर करें. सूरज से निकलने वाली अल्ट्रा वायलेट रेय्ज से स्किन कैंसर का खतरा बढ़ता है. साथ ही जिन लोगों को फैमिली हिस्ट्री, इम्युनिटी कमजोर है उन्हें स्किन कैंसर होने का खतरा बढ़ जातका है. हालांकि भारत में दूसरे देशों की मुकाबले स्किन कैंसर का खतरा कम रहता है. गोरे लोगों को स्किन कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है. खासकर गर्दन और हाथों पर कैंसर का खतरा काफी अधिक होता है. स्किन कैंसर का खतरा बढ़ रहा है. इस कैंसर को मेलानोमा कैंसर भी कहा जाता है.



### शरीर पर दिखने वाले स्किन कैंसर के लक्षण

- शरीर पर मस्सा दिखाई दे तो यह स्किन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं.
- स्किन पर सफेद दाग
- स्किन पर खुजली और घाव
- गर्दन पर लाल रंग का पैच होना
- स्किन पर अगर कुछ खास बदलाव दिखे तो स्किन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं.

### आईपीएल में आज दो मुकाबले: पहला मैच कोलकता और बेंगलुरु के बीच

# नंबर-7 पर पहुंची दिल्ली, आज टॉप-5 में आ सकती है गुजरात

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 35 मैच पूरे हो गए हैं। शनिवार को खेले गए मुकाबले में हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रन से हरा दिया। इस रिजल्ट के बाद एसआरएच 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर आ गई। वहीं डीसी 7वें नंबर पर खिसक गई।



### 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंची हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली में शनिवार को पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 267 रन बनाए। दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 199 रन बनाकर सिमट गई। हैदराबाद के अब 7 मैचों में 5 जीत और 2 हार से 10 पॉइंट्स हो गए। टीम कोलकाता को पीछे कर दूसरे नंबर पर पहुंची, इससे पहले एसआरएच चौथे नंबर पर थी। दिल्ली के अब 8 मैचों में 3 जीत और 5 हार से 6 पॉइंट्स रह गए। टीम मुंबई से नीचे 7वें नंबर पर खिसक गई, इससे पहले डीसी छठे नंबर पर थी।

### गुजरात के पास टॉप-5 में आने का मौका

गुजरात टाइटंस के 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार से 6 पॉइंट्स हैं। इतने ही पॉइंट्स मुंबई और दिल्ली के भी हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण दोनों टाइटंस से आगे हैं। गुजरात फिलहाल 8वें नंबर पर है। पंजाब को हराने पर टीम 8 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच जाएगी। 8-8 पॉइंट्स कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ के भी हैं। लेकिन इनसे आगे निकलने के लिए गुजरात को 140 या उससे ज्यादा रन के अंतर से मैच जीतना होगा।

**आरसीबी को 9वें नंबर पर आने के लिए बड़ी जीत चाहिए:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एकमात्र टीम है, जिसे 7 मैचों में एक ही जीत मिली। इसीलिए टीम 2 पॉइंट्स लेकर 10वें नंबर पर है। कोलकाता को हराने पर भी टीम 4 पॉइंट्स के साथ 10वें नंबर पर ही रहेगी। लेकिन जीत अगर 90 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही, तभी टीम 9वें नंबर पर पहुंच सकेगी।

### आज कोलकाता के पास नंबर-2 पर आने का मौका

आईपीएल के 17वें सीजन में आज 2 मैच खेले जाएंगे। दोपहर 3.30 बजे बेंगलुरु का सामना होम टीम कोलकाता से होगा। कोलकाता के 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार से 8 पॉइंट्स हैं और टीम तीसरे नंबर पर है। आरसीबी को हराने पर टीम 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। क्योंकि टीम का रन रेट दूसरे नंबर पर मौजूद एसआरएच से बेहतर है। हारने पर टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी।

### पंजाब किंग्स बना सकती है टॉप-6 में जगह

आज दूसरा मैच पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुल्लांपुर में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। पंजाब 7 मैचों में 2 जीत और 5 हार से 4 पॉइंट्स लेकर 9वें नंबर पर है। गुजरात को हराने पर टीम 6 पॉइंट्स के साथ 7वें नंबर पर पहुंच जाएगी। जीत अगर 20 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम बेहतर रन रेट हासिल कर छठे नंबर पर भी पहुंच सकती है। हारने पर टीम 9वें नंबर पर ही रहेगी।

### टॉप स्कोरर में दूसरे नंबर पर पहुंचे ट्रैविस हेड

स्त्र्ा। के ट्रैविस हेड ने दिल्ली के खिलाफ 32 बॉल पर 89 रन बनाए। वह टॉप स्कोरर में दूसरे नंबर पर पहुंच गए, उनके नाम 6 मैचों में 324 रन हो गए। ऋष्ड्रक्के विराट कोहली 361 रन के साथ पहले नंबर पर है। वह आज 17वें सीजन में 400 रन बनाने वाले पहले प्लेयर बन सकते हैं।

### टॉप-5 विकेट टेकर में हुई कुलदीप की एंट्री

कुलदीप यादव ने शनिवार को 4 विकेट लिए, इसी के साथ उनके नाम 5 मैचों में 10 विकेट हो गए और वह टॉप विकेट टेकर में पांचवें नंबर पर पहुंच गए। टॉप पर एमआई के जसप्रीत बुमराह हैं, । हेनरिक क्लासन ने 2 सिक्स लगाए, वे टॉप सिक्स हिटर में वह 26 छक्कों के साथ पहले नंबर पर बरकरार हैं।

### स्टुटगार्ट ओपन टेनिस

## यूक्रेन की खिलाड़ी मार्ता ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



**स्टुटगार्ट, एजेंसी**

यूक्रेन की गैरवरीय खिलाड़ी मार्ता कोस्तयुक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे स्टुटगार्ट टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया है। यूक्रेनी खिलाड़ी ने अंतिम-16 में पांचवीं वरीय चीन की क्विनवेन झेंग को 6-2, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। अब उनका सामना अमरीका की तीसरी वरीय खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। उन्होंने हमवतन खिलाड़ी साचिया विकेरी को कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-5 से मात दी।

### कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट

## अबासोव को हराकर खिताब जीतने की उम्मीद कायम

**टोरंटो, एजेंसी**

भारत के 17 वर्षीय खिलाड़ी डी गुकेश ने यहां खेले जा रहे कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट के 12वें दौर में अजरबैजान के 28 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी निजात अबासोव को हराकर खिताब जीतने की उम्मीदों को कायम रखा है। 12वीं बाजी में गुकेश ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर निजात को हराया। वह 7.5 अंकों संग रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अमरीकी खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा भी लगातार तीसरी जीत के साथ खिताबी होड़ में शामिल हो गए हैं।




उन्होंने 12वीं बाजी में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को शिकस्त दी। प्राग ने इयान को ड्रॉ पर रोका- 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी आर प्रग्गनानंदा भले ही जीत हासिल नहीं कर सके लेकिन उन्होंने शीर्ष पर चल रहे इयान नेपोम्नियाचची को ड्रॉ पर रोक दिया।

**मेट्रो एंकर** | जुलाई में भारतीय टीम को जाना है जिम्बाब्वे दौरे पर

# बेस्ट खिलाड़ियों ने विस्फोटक बल्लेबाजी से किया मुरीद, अब टीम में जगह पक्की

**नईदिल्ली. एजेंसी**

आइपीएल के हर सीजन नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आती हैं। इस बार भी कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अपनी बल्लेबाजी की धमक से धूम मचा रहे हैं। इस लीग के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को जुलाई में पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे दौरे पर जाना है। पहली बार आइपीएल में खेल रहे 25 वर्षीय आशुतोष ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वह आठवें नंबर पर उतरे और 28 गेंदों में 61 रन ठोक दिए। वह सात मैचों में 13 छक्के लगा चुके हैं। असम के 23 वर्षीय बल्लेबाज रेयान पराग इस आइपीएल में जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे हैं। मध्यक्रम में वह राजस्थान टीम के मजबूत स्तंभ बन गए हैं। इसके अलावा, वह पार्ट-टाइम गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पहली बार आइपीएल में शिरकत कर रहे 18 वर्षीय युवा बल्लेबाज अंगकृष ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है। खासतौर पर उनका स्ट्राइक रेट शानदार है और वह बेखौफ रवैये से खेलने के लिए जाने जाते हैं। अभिषेक शीर्षक्रम के धुरंधर बल्लेबाज हैं। आइपीएल के इस सीजन उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके सभी का दिल जीता है। बतौर सलामी बल्लेबाज उन्होंने दुनिया के कई शीर्ष गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई हैं।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### 'साइलेंस 2' में नजर आएंगी प्राची, बोली



## मानुषी को मिला था 'कबीर सिंह' व 'एनिमल' में काम करने का ऑफर!

मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद मानुषी छिल्लर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपने पैर जमा रही हैं। उन्होंने फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। मानुषी को लेकर कुछ अफवाहें भी फैली हैं, जिन पर हाल ही में उन्होंने खुलकर बात की। दरअसल, मानुषी छिल्लर के बारे में यह अफवाह फैली थी कि उन्हें फिल्म 'एनिमल' और 'कबीर सिंह' में काम करने का मौका मिला था। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में मानुषी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि काश! मुझे इसके बारे में पता होता।

### रश्मिका का किरदार आया पसंद

साक्षात्कार में मानुषी से एक सवाल यह भी पूछा गया कि अगर वाकई में उन्हें इन दोनों फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलता तो वह कौन-सा किरदार निभाना पसंद करती। इसके जवाब में मानुषी ने कहा कि रश्मिका और तृप्ति दोनों के ही किरदार काफी दिलचस्प हैं, पर उन्हें सुपर हिट फिल्म 'एनिमल' में रश्मिका का किरदार काफी पसंद आया। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया में आदमी एक-दूसरे से लड़ रहे थे तब रश्मिका के किरदार ने एक आदमी का सामना किया और उसे जिम्मेदार ठहराया। मानुषी ने कहा कि रश्मिका ने इस किरदार को बेहतरीन ढंग से अदा किया।

### मिस वर्ल्ड के चलते नहीं कर पाई फिल्म

मानुषी ने रश्मिका के किरदार के अलावा 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी द्वारा निभाई गई प्रीति की भूमिका पर भी बात की। मानुषी ने इस अफवाह का भी जवाब दिया कि क्या मानुषी को प्रीति का किरदार ऑफर किया गया था। इस पर उन्होंने कहा कि इस बात में थोड़ी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में उन्हें काफी देर से मालूम हुआ था। यह वह दौर था, जब मानुषी मिस वर्ल्ड थीं और एक अनुबंध के चलते उन्हें एक साल तक वहीं काम करना था।

## अनिल थडानी ने 'पुष्पा 2' के खरीदे थिएट्रिकल राइट्स




15 अगस्त 2024 को 'पुष्पा- द रूल' फिल्म रिलीज हो रही है. अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की नजर 'पुष्पा 2' से जुड़े हर एक अपडेट पर लगातार बनी हुई है. अल्लू अर्जुन के स्वैग ने कई बड़ी बॉलीवुड फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर धो डाला. अब ऐसे में सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के सिनेमा प्रेमी 'पुष्पा 2' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक 'पुष्पा 2' को नॉर्थ इंडिया में रिलीज करने के लिए रवीना टंडन के पति अनिल थडानी ने अधिकार खरीद लिए हैं. इसके लिए अनिल ने 'पुष्पा 2' को नॉर्थ इंडिया में रिलीज करने के राइट्स भारीभरकम रकम यानी की 200 करोड़ रुपए में खरीदे हैं. बता दें कि आजतक नॉर्थ इंडिया में किसी भी फिल्म के लिए इतना बड़ा सौदा नहीं हुआ है. इस डील को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में काफी चर्चा हो रही है. रिपोर्ट के अनुसार, अनिल थडानी की कंपनी ने 'पुष्पा 2' के साथ-साथ तीन और बड़े बजट की फिल्मों के भी नॉर्थ इंडिया थिएट्रिकल राइट्स खरीद लिए हैं. जिसमें राम चरण की गेम चेंजर, प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर कल्कि 2898 एडी और देवारा- पार्ट 1 में जूनियर एनटीआर जिसमें जान्हवी कपूर और सैफ अली खान लीड रोल में है. इस बारे में पुष्टि करते हुए अनिल थडानी की कंपनी एए फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया, एए फिल्म्स नॉर्थ इंडिया में इस साल की 4 सबसे बड़ी फिल्में करेगी. बता दें कि अनिल थडानी की कंपनी ने इन मेगा-प्रोजेक्ट्स के राइट्स हासिल करने के लिए लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, एए फिल्म्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की 'पुष्पा 2' के थिएट्रिकल राइट्स 200 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं. इसी रिपोर्ट से ये भी पता चलता है कि सुकुमार निर्देशित फिल्म के नेटफ्लिक्स ने 100 करोड़ रुपये में ओटीटी रिलीज के राइट्स खरीदे हैं.

## 'हीरामंडी' में भी 'उत्सव' जैस ही माहौल: शेखर सुमन



अबकी बार की चुनावी चर्चा से अभिनेता शेखर सुमन कोसों दूर हैं। सियासत से उन्हें कोई गिला भी नहीं है और न ही इससे इनकार है। बस, वह इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' की रिलीज की तैयारियां कर रहे हैं और अपने बेटे अध्ययन के साथ इस सीरीज में किए गए किरदारों को खूब याद कर रहे हैं। मुंबई के पॉश इलाके अंधेरी पश्चिम की एक गगनचुंबी इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर रहने वाले शेखर सुमन की शख्सीयत के लोग आज भी कायल हैं। जमीन से जुड़े, बातों में बेफिक्री और दिल मिल जाए तो ठट्ठा लगाकर हंसना उनको खूब भाता है। शेखर ने बताया कि 26 सितंबर 1985 को रिलीज फिल्म 'उत्सव' से गिनें तो अगले साल इसके 40 साल पूरे हो जाएंगे। 'हीरामंडी' में भी वैसा ही माहौल है। वैसा ही पीरियड सिनेमा, उतने ही भव्य सेट, उतने ही महान फिल्मकार। 'उत्सव' में शशि कपूर, गिरीश कर्नाड, रेखा के साथ काम करना, भी एक कमाल का दौर था। एक कमाल ये भी था कि मुंबई आए हुए अभी मुझे दो हफ्ते भी नहीं हुए थे और मुझे ये फिल्म मिल गई थी। इसे ही किस्मत कहते हैं। ये सारा नसीब में होता है। मैं 'उत्सव' और 'हीरामंडी' दोनों में अभिनय का मौका मिलने को लेकर आपकी प्रतिक्रियाएं जाना चाहूंगा। भंसाली साब के साथ एक मौका मिला था मुझे फिल्म 'देवदास' में काम करने का जो मैं नहीं कर पाया, वह चुन्नीलाल का रोल था। उनके लिए दिल में बहुत एहतराम है। हमेशा से उनके लिए बहुत सारा प्यार और अकीदत रही है। मुझे यूं लगता है कि जो बड़े फिल्ममेकर रहे हैं जैसे गुरुदत्त, कमाल अमरोही, के आसिफ साब, राज कपूर, बिमल रॉय आदि, इन सबकी मानवीय भावों पर बहुत जबरदस्त पकड़ रही है। खासतौर से गुरुदत्त और राज कपूर जैसे फिल्मकार जब साहिर और शैलेंद्र जैसे गीतकारों के साथ मिलकर कुछ रचते थे तो उसका असर विलक्षणकारी होता था। किरदारों की नब्ज पकड़ लेना और इन किरदारों के भीतर जहनी और रूहानी तौर पर चले जाना ही एक फिल्मकार की जीत है। मैंने उनकी पहली फिल्म 'खामोशी' जब देखी तो मुझे लगा कि इस निर्देशक में कोई बात है। उनके अब के सिनेमा के मुकाबले उसमें कोई भव्यता नहीं थी। लेकिन, मानवीय भावनाओं पर उनकी वो पकड़ कमाल थी।

### बॉलीवुड की फेमस डायरेक्टर फराह खान ने कहा

## पहले पेड़ के पीछे कपड़े बदलती थीं एक्ट्रेस, अब बढ़ गए भाव



बॉलीवुड की फेमस डायरेक्टर फराह खान ने मौजूदा सितारों पर तंज कसा है। उन्होंने अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में कहा कि अब बॉलीवुड स्टार्स के नखरे बहुत बढ़ गए हैं। एक्ट्रेस ने फिल्मस्टार्स की बढ़ती डिमांड को लेकर उन्हें खरी-खरी सुनाई है। फराह खान ने अपने एक नए व्लॉग में बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं, जो अपने लिए 4-4 वैनिटी वैन की मांग करते हैं। ऐसा ना होने पर वो काम तक शुरू नहीं करते। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर वैनिटी वैन आने के बाद ही वो काम शुरू करते हैं। सबके पास कई वैन हैं। एक वैन सितारों के जिम के लिए है, 1 उनके स्टाफ के लिए, 1 उनके लिए है और जो फूड ट्रक आता है, वो अलग है। बिना वैन के वो हिलते तक नहीं हैं। फराह ने बॉलीवुड स्टार्स पर तंज कसते हुए कहा- पुराने जमाने में अभिनेत्रियां पेड़ों के पीछे कपड़े बदला करती थीं। उनके लिए तौलिए रखे जाते थे। जब आउटडोर शूटिंग होती थी तो ऐसा किया जाता था। यहां तक कि स्विट्जरलैंड में भी बस के पीछे कपड़े बदले जाते थे। फिल्ममेकर ने कहा कि इसी वजह से फिल्मों के बजट बढ़ जाते हैं और फिर लोग कहते हैं कि फलानी फिल्म का बजट इतना कैसे हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो फराह खान जल्द ही शाहरुख खान के साथ एक मूवी पर काम शुरू करने वाली हैं। इसके अलावा वो रोहित शेट्टी के साथ भी एक मूवी बनाने वाली हैं।

# कुख्यात बदमाश राहुल निरापुरे गिरफ्तार, पुलिस ने की एनएसए की कार्रवाई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोक सभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सक्रिय बदमाशों पर शिकंजा कस रही है। इसी क्रम में पुलिस ने कमला नगर क्षेत्र के सक्रिय बदमाश राहुल निरापुरे पिता जगन निरापुरे (28) मल्टी अंबेडकर नगर, थाना कमला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई की है। आरोपी राहुल निरापुरे पर कमला नगर, टीटी नगर में 40 अपराध दर्ज है। आरोपी के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी, हत्या का प्रयास, बलवा, अपहरण जुआं-सट्टा , वाहन चोरी समेत अवैध हथियार रखने के प्रकरण दर्ज है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण पुलिस कमिश्नर भोपाल द्वारा प्रकरण में संज्ञान लेते हुए राहुल निरापुरे के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई के निर्देश दिए। आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।

# निगरानी बदमाश से देशी कट्टा व जिंदा कारतूस जब्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा पुलिस ने एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड में अमन कॉलोनी के पास एक संदिग्ध घूम रहा है और उसके पास देशी कट्टा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलाके की घेराबंदी की और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला। आरोपी की पहचान रेहान उर्फ अड्डु पिता मोहम्मद शाहिद (22) राजीव कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी रेहान पर पूर्व में करीब आधा दर्जन अपराध दर्ज है।

# फंदे पर लटकी मिली युवक की डिकंपोज लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



निशातपुरा थाना क्षेत्र पंचवटी फेस टू में किराए से रहने वाले युवक की डिकंपोज लाश बंद कमरे में फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। मकान मालकिन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम करईया हाट जिला विदिशा निवासी गौतम जाटव पिता तुलसी जाटव (25) यहां पंचवटी कॉलोनी फेस-टू में किराए के मकान में रहता था। वह समूह में काम करता था। शनिवार सुबह मकान मालकिन सोना अहिरवार ने सूचना दी कि गौतम जाटव का कमरा दो दिन से बंद है। वह बाहर नहीं निकला है। आखिरी बार वह गुरुवार को देखा गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो कमरे के अंदर गौतम जाटव की लाश फंदे पर लटकी थी।

## आरजीपीवी घोटाला: पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा और तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत फरार

# पूर्व वित्त नियंत्रक की पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में 19.48 करोड़ के घोटाला मामले में लगातार कार्यवाही जारी है। मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर में आरोपी बनाए गए पूर्व कुलपति सुनील कुमार के बाद अब पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा की पत्नी सीमा वर्मा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीमा वर्मा को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां सरकारी अधिवक्ता की आपत्ति पर प्रतिवेदन बुलाए जाने के लिए न्यायालय ने सोमवार तक सुनवाई स्थगित कर दी और सीमा वर्मा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।




पुलिस ने शुक्रवार को सीमा को भी चिनार उपवन, दानिश नगर से गिरफ्तार किया। घोटाले में अभी वर्मा के अलावा तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत फरार हैं। उल्लेखनीय है कि मामले में पुलिस पूर्व कुलपति सुनील कुमार, एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर रामकुमार रघुवंशी, दलित संघ सोहागपुर के कार्यकारिणी सदस्य सुनील रघुवंशी और मयंक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### वकील ने कहा... अस्थमा और उच्च रक्तचाप की हैं मरीज

सीमा के वकील ने उन्हें अस्थमा और उच्च रक्तचाप का मरीज बताते हुए मयंक कुमार द्वारा मात्र टारगेट पूरा करने के लिए उनका अकाउंट खोले जाने की बात कही। यह भी कहा कि इस मामले से इनका कोई लेना-देना नहीं है। बता दें कि आरजीपीवी घोटाले की जो राशि मयंक कुमार के खाते में ट्रांसफर की गई थी, उसी से सीमा वर्मा के नाम 20 लाख रुपये की एफडी बनाई गई थी। घोटाले की जांच में उनका नाम भी सामने आया है। पुलिस ने जांच में पाया है कि एक्सिस बैंक में एफडी कैश कराने के बाद वहां से डीडी बनाकर आरबीएल बैंक में जमा किया गया और 13 मार्च को सीमा के नाम से 20 लाख रुपये की एफडी बनाई गई। आरजीपीवी में 19.48 करोड़ रुपये की आर्थिक अनियमितताओं के मामले में गांधी नगर पुलिस ने तत्कालीन कुलपति सुनील कुमार गुप्ता, तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश कुमार राजपूत, वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा, दलित संघ सोहागपुर एवं अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है।




भोपाल। नेहरू नगर महिला परिषद में गर्मियों में जीव दया के लिए सकोरों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक घरों में पशु पक्षियों के लिए दाना और पानी रखने का संकल्प भी लिया। - फोटो निर्मल व्यास

# रंजिश में युवक पर तलवार से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित विशाल लॉज में पिता पुत्र समेत पांच लोगों ने मिलकर एक युवक पर तलवार और डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले की वजह पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। इस जानलेवा हमले में युवक के सिर में दो जगह गहरी चोट लगी है और उसे क्रमश-29 और 8 टांके लगे है। इसी प्रकार हाथ में भी गंभीर चोट होने के कारण 17 टांके आए हैं। हमले की वजह पंचायत चुनाव से चली आ रही रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने उक्त मामले में पिता पुत्र समेत पांच आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार संतोष कुमार चौहान (38) फंदा कला में रहते हैं। उनके भतीजे गजेंद्र मेवाड़ा ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे खजूरी सड़क में विशाल लाज का संचालन करते हैं। उनके चाचा संतोष कुमार आदित्य श्री गार्डन में शादी में शामिल होने गए थे। इस दौरान शादी समारोह में रात करीब 11 बजे के आसपास उनका सामना रामभरोसे राठौर से हो गया। रामभरोसे राठौर को देखते ही उन्होंने नशे में गालीगलौज कर दी। गाली देने की बात रामभरोसे को बुरी लगी और उन्होंने अपने बेटे जय राठौर को कॉल कर बताया। जय राठौर बंटी, रूपेश और आकाश को लेकर आदित्य श्री गार्डन पहुंचा था। संतोष कुमार को भनक लगी कि उसे मारने लोग एकत्रित हो रहे हैं तो वह गेजेंद्र की विशाल लॉज में जाकर छिप गए। आरोपियों को पता चला कि संतोष कुमार लॉज में छिपा है तो वह उसे तलाश करते हुए लॉज में पहुंच गए और वहां उनके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने तलावार और डंडे से हमला किया था।

# घर के सामने कार पार्क कर रहे डॉक्टर पर चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में बीती रात पौने दस बजे के आसपास घर के सामने कार पार्क कर रहे डॉक्टर पर अज्ञात बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू उनके पेट, सिर और कोहनी के पास लगा है। उन्हें गंभीर अवस्था में चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर रितेश सहगल पिता स्वर्गीय अशोक कुमार सहगल (42) मकान नंबर 102- कल्पना नगर पिपलानी में रहते हैं। डेंटिस्ट रितेश सहगल ने बताया कि वे अपने काम से सिवनी गए थे। सिवनी से कल रात करीब पौने दस बजे के आसपास वह घर लौटे और घर के सामने कार पार्क करने लगे। कार पार्क कर वह उतरे ही थे कि अज्ञात बदमाश हाथ में चाकू लेकर आया और उन पर हमला कर दिया। बदमाश ने पहला वार उनके पेट में किया था, जबकि दो वार सिर और कोहनी में भी किए। उन्होंने शोर मचाया तो परिजन बाहर निकल आए। इससे पहले ही बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग निकला। परिजन उन्हें गंभीर अवस्था में चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे है। वहां उनका इलाज चल रहा है।

# पुलिसकर्मी के घर शादी की पार्टी में गिफ्ट और लिफाफे से भरा बैग चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आम्र पैलेश मैरिज गार्डन में पुलिसकर्मी के घर की चल रही शादी की पार्टी से बदमाश ने गिफ्ट व लिफाफे से भरा बैग चुराकर ले गए। घटना 18 अप्रैल की है। शादी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पुलिसकर्मी ने कोलार थाने पहुंचकर शिकायत की थी। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मांगे है। अनुमान है कि वारदात को किसी बच्चे से अंजाम दिलाया गया है। पुलिस के अनुसार योगेन्द्र पांडे कोलार में रहते हैं। वे पुलिस विभाग में पदस्थ है और पूर्व डीजी संजय चौधरी के ऑफिस में काम कर चुके हैं। उनके घर की शादी का कार्यक्रम बैरागढ़ चीचली के आमृ पैलेश मैरिज गार्डन में रखा गया था। गत 18 अप्रैल की रात मेहमान स्टेच पर फोटो एक्सपोज करा रहे थे, तभी किसी अज्ञात चोर ने स्टेज से गिफ्ट और लिफाफों से भरा बैग चुरा लिया।

**मेट्रो एंकर** — स्पा सेंटर में काम करने के दौरान हुआ था परिचय

# कार्यक्रम में जाने के लिए जेवर मांगे, सात माह बाद भी नहीं लौटाए, प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कमला नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने दो घंटे के लिए सोने के जेवरात यह कहकर मांगे थे कि परिचित को देना है। इसके बाद सात महीने बाद भी जेवरात नहीं लौटाए। जेवरात में सोने का मंगलसूत्र, अंगूठियां व कान की बाली आदि शामिल हैं। आरोपी युवक अपनी महिला मित्र के लिए जेवरात मांगकर ले गया था। कमलानगर पुलिस ने अमानत में खयानत की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार करोंद निशातपुरा निवासी नीलम साहू पत्नी जितेन्द्र साहू (34) करीब डेढ़ माह पहले तक नेहरू नगर स्थित लवली स्पा सेंटर में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करती थीं, लेकिन अब स्पा सेंटर बंद हो गया है। नीलम साहू फिलहाल कोई काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि स्पा सेंटर में काम करने के दौरान उनका परिचिय राहुल राजपूत से हो गया था। राहुल स्पा सेंटर की संचालिका का का मित्र है। सितंबर 2023 में स्पा सेंटर की संचालिका को किसी कार्यक्रम में जाने के लिए जेवरात की जरूरत थी। लिहाजा संचालिका के मित्र राहुल ने नीलम साहू से दो घंटे के लिए उनके



जेवरात मांगे। नीलम साहू ने सोने का मंगलसूत्र व अंगूठी समेत कुल चार आभूषण राहुल को दिए थे। राहुल ने नेहरू नगर चौराहे पर बुलाकर महिला से जेवरात लिए थे। लेकिन उसके बाद उसने जेवरात लौटाए नहीं। मांगने पर वह टाल-मटौल करता रहा। परेशान होकर नीलम साहू ने कमलानगर थाने जाकर आरोपी राहुल राजपूत के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022